वर्ष : 33 ▸ अंक : 341 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 26 फरवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

# सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

## महायुति सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया

- महंगाई भत्ता 50% से बढ़ाकर 53% करने का फैसला लिया गया
- बढ़ा महंगाई भत्ता जुलाई 2024 से लागू होगा



**अमित बृज | मुंबई**

प्रदेश सरकार ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (DA) में 1 जुलाई 2024 से 3% की वृद्धि कर दी है। सातवें वेतन आयोग के तहत महंगाई भत्ता 50% से बढ़ाकर 53% कर दिया गया है। मंगलवार को राज्य के वित्त विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक की बकाया राशि के रूप में फरवरी 2025 के वेतन के साथ नकद प्रदान किया जाएगा। छठे वेतन आयोग के तहत DA 239% से बढ़ाकर 246% कर दिया गया है। पांचवें वेतन आयोग के तहत DA 443% से बढ़ाकर 455% कर दिया गया है।

### क्या केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ेगा?

इस बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ने की संभावना है। मार्च में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिए जाने की संभावना है। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई है। लेकिन चर्चा है कि ऐसी घोषणा की जा सकती है।


### विपक्ष उठा रहा था सवाल

लगातार चर्चा हो रही है कि मुख्यमंत्री की माझी लाडकी बहिन योजना महाराष्ट्र सरकार के खजाने पर भारी बोझ डाल रही है। साथ ही इस मुद्दे पर राज्य सरकार को लेकर अलग-अलग तर्क दिए जा रहे हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा थी कि ऐसी अलग-अलग योजनाओं के कारण राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति संकट में है। इस मुद्दे पर विपक्ष की ओर से राज्य सरकार को भी घेरा जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले से यह साफ हो रहा है कि सरकारी खजाने पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह भी साफ हो रहा है कि राज्य सरकार आर्थिक स्थिति को लेकर आश्वस्त है और इसके प्रति सकारात्मक है।

1984 सिख दंगा केस

# सज्जन कुमार को उम्रकैद

**एजेंसी | नई दिल्ली**



दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने '1984 सिख दंगा' केस में बड़ा फैसला सुनाया है। विशेष जज कावेरी बावेजा ने मंगलवार (25 फरवरी) को सिख पिता-पुत्र की हत्या के दोषी पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 21 फरवरी को सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला दंगों में सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़ा है।

### पीड़ित पक्ष ने मांगी थी मौत की सजा

दिल्ली कोर्ट ने बुधवार (12 फरवरी) को सिख दंगा केस में बड़ा फैसला सुनाया था। कोर्ट ने 41 साल पुराने मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। राउज एवेन्यू कोर्ट में 18 फरवरी को सज्जन कुमार की सजा को लेकर बहस होनी थी। पीड़ित पक्ष और सरकारी वकील ने 18 फरवरी को लिखित दलील में फांसी की मांग की थी। सज्जन के वकील ने दलीलें पेश करने के लिए समय मांगा था। इस पर 21 फरवरी तक सुनवाई टाल दी गई थी। कोर्ट ने 21 फरवरी को सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब मंगलवार(25 फरवरी) को कोर्ट ने सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# मानसून में नहीं रुकेगी मुंबई की रफ्तार

- रेलवे और बीएमसी की तैयारियां शुरू

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मानसून के दौरान रेलवे ट्रैक पर जलभराव रोकने और लोकल ट्रेनों की रफ्तार बनाए रखने के लिए बीएमसी और रेलवे प्रशासन ने व्यापक योजना बनाई है। रेल पटरियों के किनारे नालों की सफाई, जलनिकासी के लिए पंप लगाने और जल चैनलों की लंबाई बढ़ाने सहित सभी कार्य 31 मई 2025 तक पूरे किए जाएंगे। पिछले साल भारी बारिश के कारण चूनाभट्टी और भांडुप रेलवे स्टेशनों पर जलभराव से ट्रेनों का संचालन बाधित हुआ था। इस बार बीएमसी और रेलवे प्रशासन मिलकर इन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं।



### समय पर पूरा होगा काम

अतिरिक्त मनपा आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर ने बीएमसी और रेलवे अधिकारियों को कार्यों की समय-सीमा का पालन करने के निर्देश दिए हैं। मई 2025 तक जलभराव की रोकथाम के लिए सभी जरूरी उपाय पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि मानसून के दौरान मुंबई की लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित न हों।

### महत्वपूर्ण फैसले और जल निकासी उपाय


- महाराष्ट्र नगर सबवे में छोटे पंपिंग स्टेशन का भंडारण टैंक 5x5 मीटर से बढ़ाकर 15x6 मीटर किया जाएगा।
- चूनाभट्टी रेलवे स्टेशन पर हाईवे सोसायटी से आने वाले पानी को दो हाई-कैपेसिटी पंपों के जरिए नाले में छोड़ा जाएगा ताकि जलभराव न हो।
- भांडुप के उषा नगर पुल के पास समानांतर जल चैनल को स्थानांतरित कर एक नया पुल बनाया जाएगा, जिससे जलभराव की समस्या खत्म होगी।
- माटुंगा रेलवे ट्रैक के नीचे जल चैनल की लंबाई 800 मीटर तक बढ़ाई जाएगी, जिससे पानी की निकासी सुचारू होगी।

# सड़क और इमारत उपक्षेत्र के लंबित भुगतानों के लिए 15,091 करोड़ रुपए जारी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

सार्वजनिक निर्माण विभाग ने वर्ष 2024-25 में अब तक सड़क और इमारत उपक्षेत्र के लंबित भुगतानों के निपटारे के लिए 15,091 करोड़ रुपए की निधि वितरित की है। इसके तहत फरवरी 2025 में विभिन्न घटकों के लिए 683.72 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में लंबित भुगतानों के समाधान के निर्देश दिए गए। इसके तहत ट्रेड रिसीवेबल डिस्काउंटिंग सिस्टम (TReDS) के उपयोग का निर्णय लिया गया है, जिसका प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया है। फरवरी माह में मंत्रालय और मंत्रियों के आवासों के रखरखाव हेतु 64 करोड़ रुपए से अधिक जारी किए गए हैं, जबकि 18 करोड़ रुपए की निधि वितरित करने की प्रक्रिया जारी है। सरकार बजट में शेष अवितरित प्रावधानों को जारी करने के साथ-साथ वित्तीय वर्ष की शेष अवधि में आवश्यक निधि उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकल्पों पर काम कर रही है।






# विवादित बयानबाजी पर सीएम फडणवीस सख्त



- मंत्रियों को विवादित बयान देने से बचने की दी हिदायत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्रियों को सार्वजनिक कार्यक्रमों में विवादित बयान देने से बचने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों से सरकार की छवि खराब होती है और अनावश्यक विवाद खड़े होते हैं।

### कृषि मंत्री कोकाटे के बयान पर नाराजगी

फडणवीस की यह चेतावनी खासतौर पर कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के हालिया बयान के संदर्भ में आई, जिसमें उन्होंने मंत्रियों के निजी सचिवों और ओएसडी की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाए थे। फडणवीस ने सोमवार को सार्वजनिक रूप से कोकाटे की आलोचना की थी। मंत्रिमंडल की बैठक में सीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि बैठक का एजेंडा सार्वजनिक नहीं होना चाहिए। इससे पहले एक बैठक में डांस बार कानून में बदलाव से जुड़ा प्रस्ताव एजेंडा लीक होने के कारण पेश नहीं किया जा सका था।


### निजी सचिवों में नाराजगी

फडणवीस के बयान में कुछ अधिकारियों को 'फिक्सर' और 'दलाल' बताए जाने से मंत्रियों के निजी सचिव नाराज बताए जा रहे हैं। उनका कहना है कि सभी अधिकारियों को एक जैसी संज्ञा देना उचित नहीं है, क्योंकि कई लोग राज्य के हित में कड़ी मेहनत करते हैं।

# तटीय इलाकों में बढ़ी गर्मी

## मुंबई का तापमान 38.4 डिग्री पहुंचा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



भारत बेमौसम गर्मी का सामना कर रहा है. पांच साल में पहली बार 25 फरवरी को मुंबई में तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिसके कारण भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने शहर और उसके आसपास के इलाकों के लिए हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके उलट, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तरी भारत में ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे देश में मौसम की एक विपरीत तस्वीर सामने आई है। आईएमडी के अनुसार, 25 फरवरी को मुंबई का तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सांताक्रूज के वेधशाला में सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक है। यह साल 2020 के बाद से फरवरी का सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले 28 फरवरी 2020 को मुंबई का तापमान इस स्तर को छुआ था। फरवरी का अब तक का सबसे गर्म तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस है, जो 25 फरवरी 1966 को दर्ज किया गया था।

### कोई राहत नहीं

आईएमडी ने आने वाले दो दिनों में मुंबई में गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने का अनुमान जताया है और तापमान 37-38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी में भी लू की चेतावनी जारी की गई है।

# कर्नाटक-महाराष्ट्र बस विवाद गहराया

### सुरक्षा बढ़ाने पर जोर




**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मंगलवार को राज्य परिवहन निगम (MSRTC) की बसों में मार्शल तैनात करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मराठी गौरव से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी। महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा कर्नाटक सरकार की भी जिम्मेदारी है। यदि कर्नाटक ऐसा नहीं करता, तो महाराष्ट्र सरकार अपने स्तर पर सुरक्षा मुहैया कराएगी।

### बस सेवाएं अब भी ठप

कर्नाटक रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (KRTC) और महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (MSRTC) के कर्मचारियों पर हुए हमलों के बाद दोनों राज्यों के बीच बस सेवा अब भी बंद है, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### कर्नाटक सरकार की प्रतिक्रिया

कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा कि बस कंडक्टर पर हमला करने वालों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महाराष्ट्र में POCSO मामले में फंसे कंडक्टर के खिलाफ केस वापस लेने पर गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर से चर्चा होगी।

# पाक की हार के बाद भारत के खिलाफ नारेबाजी पर कार्रवाई

## कबाड़ व्यापारी की दुकान पर चला बुलडोजर

डीबीडी संवाददाता | सिंधुदुर्ग

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में पाकिस्तान की हार के बाद भारत के खिलाफ नारेबाजी करने के आरोप में एक कबाड़ व्यापारी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति की दुकान अनधिकृत निर्माण होने के कारण बुलडोजर से ध्वस्त कर दी गई।



### गिरफ्तारी और बुलडोजर की कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सोमवार को कबाड़ कारोबारी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके नाबालिग बेटे को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। इसके अलावा, मालवण नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए कबाड़ व्यापारी की दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया, क्योंकि वह अवैध रूप से बनाई गई थी।

### क्या है मामला?


रविवार को दुबई में खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया। स्थानीय लोगों ने शिकायत दर्ज कराई कि तारकरली रोड निवासी कबाड़ व्यापारी किताबुल्ला हमीदुल्ला खान (38) ने अपनी पत्नी आयशा (35) और 15 वर्षीय बेटे के साथ भारत के खिलाफ नारे लगाए।शिकायत के अनुसार, रोहित शर्मा के आउट होने के बाद भी परिवार ने कथित तौर पर भारत विरोधी नारेबाजी की। इस घटना के बाद सोमवार को मालवण के देउलवाड़ा इलाके में स्थानीय लोगों ने विरोध में बाइक रैली निकाली।

# सीसी रोड निर्माण में पेड़ों की न्यूनतम कटाई का दावा

## मुंबई मनपा का हाई कोर्ट में हलफनामा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई को गड्ढामुक्त बनाने के लिए चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य को लेकर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने बांबे हाई कोर्ट में दावा किया है कि इस कार्य में पेड़ों की न्यूनतम कटाई की गई है और शहर की हरियाली का पूरा ध्यान रखा गया है।



### बीएमसी का जवाब

मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान बीएमसी ने हलफनामा दायर कर स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में पेड़ों की कटाई न्यूनतम स्तर पर रखी गई है। अब इस मामले में आगे की सुनवाई हाई कोर्ट में होगी।

### पर्यावरणविद् की याचिका पर सुनवाई

पर्यावरणविद् ज़ोरू बाथेना ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि सड़क निर्माण कार्यों के दौरान पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई है और दोबारा वृक्षारोपण नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) संरक्षण एवं वृक्ष संरक्षण अधिनियम की शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए और यदि ऐसा नहीं होता है तो निर्माण कार्यों पर रोक लगाई जाए।

## खबर संक्षेप

### 14 लाख रुपये के जाली नोट जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | पालघर



महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 14 लाख रुपये के नकली नोट जब्त किए हैं, जिन पर 'चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया' लिखा हुआ है और इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाडा पुलिस थाने के निरीक्षक दत्तात्रेय किंद्रे ने बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली नोटों को असली नोटों से बदलने के लिए पाली गांव पहुंचेंगे, इसके बाद पुलिस की एक टीम ने जाल बिछाया। किंद्रे ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को संदिग्ध तरीके से इलाके में घूमते देखा। बाद में, दो अन्य व्यक्ति कार में वहां पहुंचे और उस व्यक्ति से कुछ बात करने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान उन्होंने व्यक्ति के पास से 100 और 500 रुपये के नकली नोट जब्त किए, जिनकी कीमत 14 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि कार में आए दोनों व्यक्तियों के पास से एक लाख रुपये के असली नोट भी बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि असली नोट ऊपर और नीचे रखे हुए थे, जबकि बीच में 'चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया' के नाम से छपे नकली नोट रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि 32 वर्षीय व्यक्ति और पालघर में रहने वाले 36 और 56 वर्षीय 2 अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने 3 लाख रुपये के नकली नोटों को एक लाख रुपये के असली नोटों से बदलने का प्लान बनाया था।

### 8 साल के बच्चे का शव मिला, हत्या या हादसा?

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में घर से खाना लेने निकले 8 साल के मासूम का शव मिलने से सनसनी फैल गई। रविवार को भिवंडी के वरहलदेवी तालाब के पास एक खदान में उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है, जबकि परिवार ने हत्या की आशंका जताई है। शनिवार शाम को बच्चा अपने दादा से पैसे लेकर खाना खरीदने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में नारपोली पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें अपहरण की आशंका जताई गई थी। बच्चे के शव पर सिर पर चोट के निशान थे और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को मुंबई के जे जे अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौत की वजह हत्या है या हादसा, इसकी जांच सभी पहलुओं से की जा रही है।

# 81 अनधिकृत स्कूलों पर कार्रवाई

## 68 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) ने शहर में चल रहे 81 अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इनमें से 68 स्कूलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है, जबकि 13 अन्य के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जारी है। इन स्कूलों में करीब 19,708 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

### छात्रों को अधिकृत स्कूलों में स्थानांतरित करने की तैयारी




मनपा प्रशासन ने इन स्कूलों के छात्रों को अधिकृत स्कूलों में स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाने की योजना बनाई है, ताकि उनकी शिक्षा प्रभावित न हो। अब तक 32 अनधिकृत स्कूलों के बिजली और पानी के कनेक्शन काटे जा चुके हैं।

### अनधिकृत स्कूलों पर 52 करोड़ रुपये का जुर्माना

मनपा उपायुक्त (शिक्षा) सचिन सांगले ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत इन अनधिकृत स्कूलों पर 52 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनमें से कई स्कूल आवासीय भवनों में किराए पर चल रहे थे।

### 76 स्कूलों ने दस्तावेज नहीं किए जमा

81 में से 5 स्कूलों ने आवश्यक दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया शुरू की है, जबकि 76 स्कूलों की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं आया। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिया है कि छात्रों की शिक्षा बाधित न हो, इसके लिए नजदीकी सरकारी स्कूलों में उनके समायोजन पर विचार किया जाए। 19 निजी स्कूलों ने भी छात्रों को समायोजित करने की सहमति जताई है। प्रशासन ने दिवा क्षेत्र में सबसे अधिक अनधिकृत स्कूलों की पहचान की है, जहां कार्रवाई तेज कर दी गई है।

# 8 साल के बच्चे की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताया हत्या का शक

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर के कैलास नगर इलाके में रविवार को 8 वर्षीय मो. इसहाक शौकत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी हत्या की है।

### परिजनों का हत्या का आरोप



परिजनों का कहना है कि बच्चे के सिर पर चोट के निशान थे और मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे वे हत्या की आशंका जता रहे हैं। नारपोली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेज दिया है ताकि मृत्यु का असली कारण सामने आ सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच होगी।

### कैसे हुआ मामला सामने?

शनिवार शाम इसहाक ने अपने दादा से खाने के लिए पैसे लिए और उसके बाद घर से बाहर निकला। लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा। परिवार ने उसे आसपास ढूंढा, लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो नारपोली पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रविवार सुबह करीब 11 बजे इसहाक का शव वराला देवी तालाब के पास एक खदान में मिला।

गोलीबारी मामला

# वैभव गायकवाड को राहत, चार्जशीट से हटाया गया नाम



सुशील सिंह | कल्याण

भाजपा के पूर्व विधायक गणपत गायकवाड द्वारा शिवसेना के पूर्व शहर प्रमुख महेश गायकवाड पर की गई गोलीबारी के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र में वैभव गायकवाड का नाम हटा दिया गया है।

पुलिस जांच में पाया गया कि वैभव गायकवाड का गोलीबारी में कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हुआ कि वे घटना से पहले ही पुलिस थाने से बाहर निकल चुके थे, जिसके बाद उनका नाम आरोपपत्र से हटा दिया गया।

इस फैसले से नाराज महेश गायकवाड ने इसे राजनीतिक दबाव का नतीजा बताते हुए उच्च न्यायालय में अपील करने की चेतावनी दी है। उनका दावा है कि वैभव की इस मामले में संलिप्तता थी और पुलिस ने जानबूझकर कार्रवाई नहीं की।

इस प्रकरण में गणपत गायकवाड समेत दो आरोपी अभी भी जेल में हैं, जबकि चार को जमानत मिल चुकी है। मामले ने कल्याण की राजनीति में हलचल मचा दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# रायगढ़ जिला परिषद में 4.12 करोड़ की धोखाधड़ी

## वरिष्ठ सहायक क्लर्क गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | अलीबाग

रायगढ़ जिला परिषद के अलीबाग उपविभाग जलापूर्ति विभाग के वरिष्ठ सहायक क्लर्क नाना कोर्डे को 4 करोड़ 12 लाख 34 हजार 771 रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में अलीबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोर्डे पर वरिष्ठ अधिकारियों के जाली हस्ताक्षर कर वेतन भुगतान में हेरफेर करने का आरोप है।




### कैसे हुआ घोटाला?

नाना कोर्डे ने जनवरी 2020 से दिसंबर 2024 तक वेतन भुगतान तैयार करने की जिम्मेदारी का दुरुपयोग किया। उन्होंने कर्मचारियों के वेतन में अतिरिक्त वेतन जोड़कर इस राशि को अपने और अपनी पत्नी के खातों में स्थानांतरित कर लिया। जिला परिषद द्वारा आयकर गणना के दौरान यह मामला उजागर हुआ, जिसके बाद जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि हुई। पुलिस के अनुसार, यह रकम बाल विकास परियोजना अधिकारी के नाम पर खोले गए खाते में जमा की जानी थी, लेकिन कोर्डे ने जाली हस्ताक्षर का उपयोग कर इसे अपने और अन्य गैर-सरकारी व्यक्तियों के खातों में भेज दिया। इस मामले में अलीबाग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस निरीक्षक किशोर साले मामले की आगे जांच कर रहे हैं।

# अभय योजना के पहले दिन 2.69 करोड़ रुपये की वसूली

सुरेश चौहान | उल्हासनगर



उल्हासनगर महानगरपालिका (यूएमसी) द्वारा लागू की गई अंतिम अभय योजना 2024-25 को पहले ही दिन जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। योजना के तहत पहले दिन ही 2 करोड़ 69 लाख 94 हजार 642 रुपये की वसूली दर्ज की गई।

### संपत्ति कर वसूली बढ़ाने पर जोर

मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस के मार्गदर्शन में संपत्ति कर वसूली बढ़ाने के लिए मनपा मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त विशाखा मोटघरे, सहायक आयुक्त (कर) अजय साबले, कर निर्धारण अधिकारी व कलेक्टर नीलम कदम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनजागृति अभियान पर जोर

उपायुक्त विशाखा मोटघरे ने सभी कर निरीक्षकों और वसूली लिपिकों को अभय योजना के प्रति नागरिकों को जागरूक करने और संपत्ति कर भुगतान को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मनपा प्रशासन को उम्मीद है कि अभय योजना के तहत वसूली में और तेजी आएगी।

# 71 लाख संपत्ति कर बकाया पर कार्रवाई

## टैक्स बकायादारों में हड़कंप

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी महानगरपालिका (मनपा) ने संपत्ति कर की वसूली के तहत सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नवनियुक्त आयुक्त अनमोल सागर के निर्देश पर 71 लाख रुपये कर बकाया रखने वाले भवनों पर कार्रवाई की गई, जिसमें नल कनेक्शन काटने और बिजली मोटर जब्त करने की कार्रवाई शामिल है।

### कर वसूली में लापरवाही से बढ़ रही समस्याएं




मनपा प्रशासन प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए नई योजनाएं लागू कर रहा है, लेकिन कई संपत्तियों पर कर नहीं लगाया जाता। कई अनधिकृत इमारतों को मनपा कर्मचारियों का संरक्षण मिलने की भी शिकायतें हैं। नागरिकों ने मनपा आयुक्त से इस ओर ध्यान देने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### बकायादारों पर कार्रवाई, लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस

फरीद बाग, निज़ामपुर नदीनाका क्षेत्र की सात मंजिला इमारत पर 2015 से 2.63 लाख रुपये वार्षिक कर बकाया था, लेकिन भुगतान किए बिना इसका उपयोग जारी था। वार्ड क्रमांक 1 के सहायक आयुक्त राजू वर्लिकर और उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर के निर्देश पर इस इमारत पर कार्रवाई की गई।

सभी नल कनेक्शन तोड़ दिए गए और बिजली मोटरें जब्त कर ली गईं। काम में लापरवाही बरतने पर भूमि लिपिक नरेंद्र जाधव और कर निरीक्षक रवींद्र वारघड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# सहकर्मी की हत्या कर फरार आरोपी जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में फैक्टरी कर्मचारी की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से गिरफ्तार कर लिया है। 21 वर्षीय आरोपी सबीर रहमतुल्ला अंसारी, जो बिहार के पूर्वी चंपारण का निवासी है, ने अपने सहकर्मी नीरज कुमार गोपीनाथ विश्वकर्मा (40) की हत्या कर दी थी।

**मध्य रेल**
सोलापुर मण्डल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं:– सोला/क.वि./नि/2025/07. कार्य का नामः–** निम्नलिखित के संबंध में विदयुत टीआरडी का कार्य–वादी यार्ड–एनआरडी लाइनों के सीएसएल को बढ़ाने के लिए पॉइंट और स्टार्टर सिग्नलों को सोलापुर छोर की ओर 40 मीटर तक शिफ्ट करना। **कार्य की अनुमानित लागतः** रू.1,13,00,772.98/– **बयाना राशि–** रू 2,06,500/–**कार्य पुरा करने की अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:–** 60 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समयः–** दि. 24.03.2025 को 15.00 बजे। ANJ-37
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

### हत्या कर हुआ था फरार

निजामपुरा पुलिस के अनुसार, भिवंडी के खोनी ग्राम पंचायत क्षेत्र की एक फैक्टरी में दोनों सहकर्मी के रूप में काम करते थे। 4 फरवरी को सबीर ने वेतन की रकम लूटकर नीरज के सिर पर हथौड़े से वार कर दिया और फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल नीरज को केईएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 18 फरवरी को उसकी मौत हो गई।



### अनंतनाग के लाल चौक से दबोचा गया आरोपी

तकनीकी विश्लेषण और पुलिस की सूझबूझ से सबीर के जम्मू-कश्मीर में होने की जानकारी मिली। जम्मू-कश्मीर पुलिस की मदद से उसे अनंतनाग के लाल चौक स्थित एक बेकरी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन और 29,000 नकद बरामद किए हैं। फिलहाल, उसे भिवंडी लाकर आगे की जांच जारी है।

### सीसीटीवी और मोबाइल ट्रैकिंग से मिली मदद

पुलिस ने रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल ट्रैकिंग की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपी दिल्ली भाग गया था, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले वह वहां से फरार हो चुका था।

# नीलम गोरे के खिलाफ उद्धव गुट का जोरदार विरोध

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरे द्वारा उद्धव ठाकरे पर दिए गए विवादित बयान के बाद पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इसी कड़ी में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पदाधिकारियों ने भिवंडी में भी जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

### क्या है मामला?

दिल्ली के साहित्य सम्मेलन में नीलम गोरे ने एक इंटरव्यू में उद्धव ठाकरे पर सनसनीखेज बयान देते हुए आरोप लगाया कि ३उन्हें दो मर्सिडीज देने के बाद पद मिलता है३। इस बयान से शिवसेना (उद्धव गुट) के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया और जगह-जगह प्रदर्शन होने लगे।



### नीलम गोरे से माफी की मांग

उपनेता विश्वास थले ने कहा कि अगर नीलम गोरे के पास मर्सिडीज देने का कोई सबूत है, तो वे दस्तावेज पेश करें, नहीं तो उन्हें पूरे महाराष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नीलम गोरे बार-बार पार्टी बदलती रही हैं, और बालासाहेब ठाकरे ने भी इस पर एक कार्टून के जरिए कटाक्ष किया था।

विश्वास थले ने कहा कि एक महिला, जो विधान परिषद की उपाध्यक्ष पद पर बैठी है, उसने झूठे बयान देकर बाबासाहेब का अपमान किया है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भिवंडी में विरोध प्रदर्शन

उपनेता विश्वास थले, लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तरे, जिला प्रमुख कुंदन पाटिल और तालुका प्रमुख करसन ठाकरे के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने मुंबई-नासिक राजमार्ग स्थित राजनोली नाका पर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महिला शिवसैनिकों ने नीलम गोरे की तस्वीर पर चप्पल मारकर विरोध दर्ज किया।

# 'कोई मां अपने बच्चे को नहीं मार सकती'

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने महिला को दी जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक 28 साल की महिला को जमानत दी, जिसे अपने सात साल के बेटे को पीटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने कहा कि कोई भी मां अपने बच्चे को नहीं मार सकती। जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पाया कि शिकायतकर्ता पिता और आरोपी मां के बीच वैवाहिक विवाद का असर बच्चे पर पड़ा और वह इस स्थिति का शिकार बन गया था। कोर्ट ने कहा कि बच्चे की मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि वह मिर्गी और नियमित दौरे से पीड़ित है और कुपोषण व एनीमिया से पीड़ित है। कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि विभिन्न दस्तावों से पता चलता है कि आरोपी मां ने बच्चे की देखभाल और मदद करने में परेशानी उठाई है।



### अक्तूबर 2023 में गिरफ्तार हुई थी महिला

महिला को अक्तूबर 2023 में गिरफ्तार किया गया था और तबसे वह हिरासत में थी। नाबालिग लड़के के जैविक पिता की शिकायत पर मुंबई के दहिसर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी अलग रह रही पत्नी और उसके साथी ने कई मौकों पर बच्चे का उत्पीड़न किया और एक बार उसे जान से मारने का भी प्रयास किया।

### प्रथम दृष्टया आरोप विश्वसनीय नहीं: हाईकोर्ट

हालांकि, हाईकोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया सभी आरोप विश्वास के लायक नहीं हैं। 15 हजार रुपये के निजी मुचलके पर महिला को जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा, कोई भी मां अपने ही बच्चे को पीटने के बार में नहीं सोच सकती। कोर्ट ने यह भी गौर किया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तारी के समय कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया था, जैसे गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी देना। शिकायत के मुताबिक, बच्चा 2019 से अपने पिता के साथ महाराष्ट्र के रत्नागिरी में रह रहा था, जब उसके उसके माता-पिता का तलाक हो गया था। हालांकि, 2023 में महिला जबरदस्ती बच्चे को अपने साथ मुंबई ले आई। कोर्ट ने यह भी कहा कि मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार बच्चा मलेरिया, खून की कमी और मिर्गी से पीड़ित है और उसे पर्याप्त पोषण नहीं मिल पा रहा है।

# आदिवासी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध: सीएम फडणवीस



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं को निष्ठा के साथ लागू कर रही है। सरकार कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) निधि के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों का समग्र विकास करेगी। सह्याद्री अतिथि गृह में आदिवासी विकास विभाग और यूएनडीपी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम फडणवीस ने कहा कि सीएसआर निधि केवल महानगरों में ही खर्च न हो, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इसका उपयोग किया जाए। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। महाराष्ट्र की कुल जनसंख्या का 9.5% आदिवासी समुदाय से आता है, जो देश की कुल आदिवासी आबादी का 10% है। सरकार आदिवासी बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने और उनकी प्राकृतिक प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने के प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य से प्रतिष्ठित स्कूलों में उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के विकास के लिए प्रयासरत सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया और उनके योगदान की सराहना की।

## मंत्रालय में युवक ने चौथी मंजिल से लगाई छलांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रालय में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ने चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। हालांकि, मंत्रालय परिसर में लगे सुरक्षा जाल ने उसकी जान बचा ली। युवक की उम्र 45-50 साल बताई जा रही है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवक राजस्व विभाग में काम करता था और काम न मिलने से हताश था। छलांग लगाने से पहले उसने 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे भी लगाए। उसने अपने पत्र में लिखा था कि विभाग बंद है और उसे न्याय नहीं मिल रहा था।युवक जाल से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे बचा लिया।

# माथाडी श्रमिक नेता संजय निकम भाजपा में शामिल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र राज्य माथाडी परिवहन सुरक्षा रक्षक और सामान्य कामगार संघ के नेता संजय निकम और पोपटराव पाटिल के नेतृत्व में कई माथाडी श्रमिक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में आयोजित समारोह में कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण भी मौजूद रहे। इस मौके पर बावनकुले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए माथाडी श्रमिक भाजपा से जुड़े हैं।

### भाजपा को मिलेगा स्थानीय निकाय चुनाव में लाभ



बावनकुले ने कहा कि 29 हजार माथाडी श्रमिकों के परिवार अब भाजपा का हिस्सा बन गए हैं, जिससे आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को निश्चित रूप से फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यकर्ताओं ने ईश्वर, देश, धर्म और हिंदुत्व की रक्षा के लिए भाजपा का समर्थन करने का संकल्प लिया है।

NEHA
COPY CENTER

- Colour Xerox
- Colour Laser Printout
- Modi Xerox
- B/W Xerox
- Jumbo Xerox
- Colour Jumbo Xerox
- H.P. Inkjet Poster
- Auto CAD Colour Plotting
- Sun Board mounting
- Wiro& Spiral Binding
- All Size Lamination

158, Bora Bazar Street, astpushpam Bldg., Fort, Mumbai-400001.
Tel.: 022-66367495/66366651
Email: nehaccm@gmail.com

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन

# सूरत में 260 मीटर पीएससी ब्रिज तैयार



**सूरत।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत गुजरात में 260 मीटर लंबे प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) ब्रिज का निर्माण पूरा हो गया है। यह ब्रिज सूरत जिले के कोसम्बा के पास दिल्ली-मुंबई नेशनल एक्सप्रेसवे-4 को क्रॉस करेगा। राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन (एनएचएसआरसी) के अनुसार, यह परियोजना का पांचवां पीएससी ब्रिज है, जिसमें 104 प्रीकास्ट सेगमेंट का उपयोग किया गया है। यह 50 और 80 मीटर के चार स्पैन वाला ब्रिज है, जिसका निर्माण बैलेंस्ड कैंटिलीवर विधि से किया गया है, जो बड़े स्पैन के लिए उपयुक्त मानी जाती है। यह ब्रिज सूरत और भरूच के बीच स्थित है। निर्माण कार्य के दौरान वाहनों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ट्रैफिक प्रवाह में कोई बाधा नहीं आने दी गई।

MAHAVITARAN
Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

## TENDER NOTICE

Following Tender is invited from Eligible Bidders for Pen Circle, Raigad District. The Details are as given below-

| Sr. No. | Tender No. | Particulars | Sale Opening, Sale Closing Dates & Bid Submission | Estimated Cost (Rs.) | Amount of EMD (Rs.) | Tender Cost Fee |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender No. SE/PC/Tech/ 2024-25/T-15 | Tender for the work of repair of transformers distribution boxes under Pen Circle | Dt.25/02/25 To Dt.05/03/25 Bid Submission Date: 05.03.25 upto 22:00 hrs. | Rs. 81,00,000/- | Rs. 81000/- | Rs. 5900/- |

The Tender Documents are available on MSEDCL Official Website http://works.mahadiscom.in/eTender/etender.

Sd/-
PRO NO 176 dated 25.02.2025
SUPERINTENDING ENGINEER (PC), PEN

## सार्वजनिक बांधकाम विभाग

निविदा सुचना क्र 61 सन 2024-25

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, २ रा मजला, बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, मुंबई- ४०० ००१ दुरध्वनी क्र. ०२२-२२०२६९७४/७६ हे खालील कामं सा.बां. विभाग सुशिक्षित बेरोजगार अभियंता, यांचेसाठी मागवित आहेत. को या निविदेचा नमुना कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, २ रा मजला, बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, मुंबई यांचे कार्यालयातून दिनांक २५/०२/२०२५ ते दिनांक ०४/०३/२०२५ दुपारी १५.०० पर्यंत देण्यात यईल. भरुन पाठविलेल्या निविदा ०६/०३ /२०२५ रोजी त्यादिवशी दुपारी १५.०५ वाजेपर्यंत स्विकारतील आणि शक्यतो त्याच दिवशी उघडतील.

| अ.क्र. | कामांचे नाव | अंदाजित किंमत (रुपये) | इसारा रक्कम (रुपये) | वर्ग | काम पूर्ण करण्याची कालमर्यादा | निविदेचा नमूना प्रकार | को-या निविदा नमुन्याची किंमत अंदाजित किंमत (रुपए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance to Anatomy Lecture Hall Building. Pathology Department and Enclosure Pinjara at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | २९५५८४/- | ३०००/- | वर्ग - ९ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 236/- |
| 2 | Annual Maintenance to P.W. Integrated Unit Sub Division and Connecting passage and watchmen Chowky Near Gate No.9 at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ९६९००/- | १०००/- | वर्ग - ९ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 3 | Annual Maintenance to Physiology Building and Boys Common room Building at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ४४२३०७/- | ५०००/- | वर्ग-८ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 4 | Annual Maintenance to Post Graduate Lab Building J.J. Marg police station and watchman Chowky Near Gate No.9 at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ५०५६४०/- | ६०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 5 | Annual Maintenance to New Administrative Building at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ६८८८३८/- | ७०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 6 | Providing and fixing wallpaper and other Items in Orthopedic Department at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ८३६५२३/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 7 | Renovation of Various Furniture and other Accessories in Orthopedic Department at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ८२०३२०/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 8 | Annual Maintenance to Old Boys Hostel Building at Sir J.J. Group of Hospital, Byculla, Mumbai. | ८२७६५५/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 9 | Providing and fixing grills to 1 to 4th floor for safety Purpose in Main Building at Sir J.J. Hospital Compound, Mumbai. | ८५३८९३/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 10 | Providing and fixing grills to connecting passage side of Main Building at Sir J.J. Hospital Compound, Mumbai. | ७२८९०३/- | ८०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 11 | Annual Maintenance to Residential Doctors Quarters Building at Sir J.J. Group of Hospital. Byculla Mumbai. | ९१८०३४/- | १००००/- | वर्ग-७ त्र वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 12 | Repairs and renovation of back side passage staff toilet and common toilet on 2nd floor in Post Graduate lab Building at Sir J.J. Group of Hospital. Mumbai. | ६४८६३४/- | ७०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 13 | Repair and renovation of hall 1 and 2 at library Building at Sir J.J. Hospital Compound, Mumbai. | ८५५१८१/- | १००००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 14 | Providing material of study hall-2 at Library Building at Sir J.J. Hospital Compound. Mumbai. | ८१२३७२/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 15 | Refurbishment of Study PG hall at fourth floor at Library Building at Sir J.J. Hospital Compound, Mumbai. | ८११००६/- | ८०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 16 | Renovation of study hall-2 at Library Building at Sir J.J. Group of Hospital. Mumbai. | ८५९५७६/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 17 | Providing furniture of study PG reading hall at fourth floor at Library Building at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ५३५२०९/- | ६०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 18 | Alteration of study hall at Fourth floor Library Building at Sir J.J. Group of Hospital, Mumbai. | ४०३४७५/- | ५०००/- | वर्ग ८ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 19 | Repairs to renovation chajja, Chamber at CT MRI Main Entrance Gate and Structural Steel Platform to Sintex Water Tank to Main Bldg. Terrace at G.T. Hospital, Mumbai. | ७३३३७१/- | ८०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 20 | Repairs to renovation plaster, painting, flooring toilet block room no. 706, 806, 907 7th floor High rise Building G.T. Hospital, Mumbai. | ७९४६७२/- | ८०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 21 | Repairs and renovation of Staff Toilet Block Near Medical store on Ground floor at J.J. Hospital Compound, Mumbai. | ४२२२७८/- | ५०००/- | वर्ग-८ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 22 | Externl Painting of Shraddha Building at St. Georges Hospital Mumbai. | ८३६९९६/- | ९०००/- | वर्ग-७ ववरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 23 | Externi Painting of Matruchaya Building at St. Georges Hospital Mumbai. | ८३६६६१/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 24 | Externl Painting of Jay Ambe Building at St. Georges Hospital Mumbai. | ८३६६६१/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 25 | Externl Painting of Samruddhi Building at St. Georges Hospital Mumbai. | ८३६९५१/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 26 | Providing Painting of Staircase in Samrudhi. Vrundavan. Matruchaya. Jay Ambe and Shradda Building Part-1 at St. Georges Hospital, Mumbai. | ८३६९२८/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 27 | Providing Painting of Staircase in Samrudhi, Vrundavan, Matruchaya. Jay Ambe and Shradda Building Part-2 at St. Georges Hospital, Mumbai. | ८३६८७९/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 28 | Providing and fabricating Sefty Grill in Terrace of Vrundavan, Samrudhi and Matruchaya Building at St. Georges Hospital, Mumbai. | ८३७१८६/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 29 | Providing and fabricating Sefty Grill in Terrace of Jay ambe, Shradha and Saikrupa Building at St. Georges Hospital. Mumbai. | ८३७१२२/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 30 | External Pointing South side front of Main Building at St. Georges Hospital. Mumbai. | ८३३७६१/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 31 | External Pointing North side Front of Main Building at St.Georgs Hospital Mumbai. | ८३३८२९/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 32 | External Pointing Back side of Main Building at St. Georges Hospital, Mumbai. | ८३३८७५/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 33 | External painting and pointing of PNS Qrts. At St. Georges Hospital, Mumbai. | ८३४५८८/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |
| 34 | MOW to Renovation and Repairing to OPD No.11 of Main OPD Building at Sir J.J. Group of Hospitals. Mumbai. | ८३४५५६/- | ९०००/- | वर्ग-७ व वरील | 100 दिवस | ब-1 | 590/- |

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, २ रा मजला, बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, मुंबई यांचे कार्यालयामध्ये सुचना फलकावर सविस्तर निविदा सुचना पहावयास मिळेल एक किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द ठरविण्याचा अधिकार राखून ठेवण्यात आला आहे.

जा.क्र.एघ (सा.बां.) वि/निविदा/1207
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय, एकात्मिकृत घटक (सा. बां.) विभाग, २ रा मजला, बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, मुंबई. दिनांक : 21-2.25

डीजीआयपीआर- 2024-25/6701

सही/-
कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, फोर्ट, मुंबई.

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## संपादकीय

# कला की कसक

जो कला के संरक्षण के लिये नीति-नियंताओं से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है। बहुत संभव है कि यह संरक्षण दैनिक जीवन में किसी तरह की विसंगति पैदा करे, लेकिन भावी पीढ़ियों को अतीत के कला सौंदर्य से रूबरू कराना हर समाज का दायित्व होता है। कला संरक्षण की प्रासंगिकता का प्रश्न पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद फिर सामने उत्पन्न हुआ है, जिसमें सड़क को चौड़ा करने तथा पार्किंग के विस्तार के लिये रॉक गार्डन की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रकरण विरासत के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच संतुलन को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करता है। निस्संदेह, केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित निर्णय न केवल रॉक गार्डन के निर्माता नेक चंद की कलात्मक विरासत के एक हिस्से को मिटा देता है, बल्कि एक परेशान करने वाली मिसाल भी स्थापित करता है। जो बताता है कि कि नया भारत विकास के नाम पर अपनी सांस्कृतिक व वन विरासत के साथ कैसा व्यवहार करता है। निस्संदेह, इस तथ्य को लेकर दो राय नहीं हो सकती है कि रॉक गार्डन ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है। नेकचंद की इस विरासत ने दुनिया को बेकार और अनुपयोगी चीजों को नया स्वरूप देने की एक नई दृष्टि प्रदान की है। दशकों से रॉक गार्डन रचनात्मक मानवीय कला दृष्टि के प्रमाण के रूप में खड़ा है कि कैसे सकारात्मक सोच के साथ कचरे को आश्चर्यजनक कृति में तब्दील किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि नेकचंद की इस अद्भुत कला से प्रेरित होकर देश-दुनिया के विभिन्न भागों में रॉक गार्डन की प्रतिकृति बनाने की भी प्रेरणा भी मिली। नेकचंद के जाने के बाद भी रॉक गार्डन कलात्मकता के एक जीवंत प्रमाण के रूप में विद्यमान है। ऐसे में समाज व प्रशासन का नैतिक दायित्व बनता है कि इस सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जाए। यही वजह है कि सिटी ब्यूटीफुल के तमाम जिम्मेदार, सजग व संभ्रांत लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिये आगे आए हैं। यह विडंबना कही जाएगी हम अपनी समृद्ध और कलात्मक विरासत के एक हिस्से को सड़क निर्माण और प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहनों के उपयोग के लिये बनायी जा रही पार्किंग के लिये खो देंगे। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि ध्वस्त की गई दीवार रॉक गार्डन में नेक चंद द्वारा बनायी गई मूल संरचना का हिस्सा नहीं थी। दीवार को ध्वस्त करने पर बचाव के लिये दिए जाने वाले तर्क तर्कशीलता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। यदि यह तर्क स्वीकार भी कर लिया जाता है तो भविष्य में इस दलील के आधार पर इसके अन्य हिस्सों के अस्तित्व पर संकट मंडरा सकता है। निस्संदेह, किसी संरचना या सांस्कृतिक प्रतीक के महत्व को उसके ढांचे के रूप में नहीं बल्कि उसके साथ लोगों के सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव के रूप में देखा जाना चाहिए। वास्तव में इस दीवार को तोड़ने के लिये दी जा रही दलीलों की तार्किकता कई स्तरों पर त्रुटिपूर्ण ही है। सबसे पहले, उच्च न्यायालय परिसर के आसपास यातायात की जो भीड़ उत्पन्न होती है, वह खराब प्रबंधन की देन है। इसमें रॉक गार्डन की संरचना की उपस्थिति की कोई भूमिका नहीं है। सही मायनों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन और शटल सेवाओं जैसे टिकाऊ विकल्पों की अनदेखी की गई है। इसके साथ उच्च न्यायालय द्वारा केस सूचियों के व्यवस्थित पुनर्गठन से भी यातायात संबंधी चिंताओं को दूर करते हुए अदालत परिसर में दैनिक उपस्थिति को कम किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा दीवार को दूसरी जगह बनवाने और फिर पेड़ लगाने का वायदा पारिस्थितिकीय तंत्र के अपरिवर्तनीय नुकसान की भरपाई नहीं करता है। चंडीगढ़ की प्रसिद्ध पेड़ों की विरासत पहले ही अपनी आभा खोती जा रही है।

# उनकी भी सोचें जिनसे किसी ने हमदर्दी नहीं जतायी

पंजाब— पांच दरियाओं की धरती,यूनानी जिसे पेंटापोटामिया (इसका अर्थ भी वही है) पुकारते थे। वह धरा जो प्राचीन काल में सिंधु घाटी सभ्यता, ऋग्वेद और महाभारत की रही। इसी भूमि पर सिकंदर ने झेलम के तट पर पोरस से युद्ध किया, बाबर ने इब्राहिम लोदी से युद्ध किया, एंग्लो-सिख युद्ध यहीं लड़े गए – पंजाब जैसी भूमि के उदाहरण कम ही हैं, जिसने सदियों तक आक्रमण, तबाही और लूटपाट झेली हो। हम शुरुआत करते हैं 1947 के बाद से, यानी वह घड़ी जो एक शानदार युग की सुबह होने वाली थी। यह प्रभात शेष भारत में खुशी और धूप की तरह खिली, सिवाय पंजाब और बंगाल सूबों के। जो विभाजन हुआ, वह काफी हद तक पंजाब और बंगाल का था। अंग्रेजों द्वारा खींची गई और कांग्रेस नेतृत्व , गांधी और जिन्ना द्वारा स्वीकार की गई एक काल्पनिक रेखा ने पंजाब को बांट दिया। यह पंजाब के शरीर और आत्मा के टुकड़े करना था। इसने अपने पीछे हत्या, बलात्कार और तबाही की सुनामी छोड़ी। ऐसा रक्तपात पहले कभी नहीं हुआ और संभवतः इतिहास का विशालतम जबरन पलायन। यह बड़ी उथल-पुथल कदाचित 1950 के दशक के शुरू में पश्चिमी दुनिया की ओर शुरू पलायन की पहली लहर के अंतर्निहित मुख्य कारणों में से एक थी। शुरू में, यह मामूली थी, अधिकांशतः यूके और उसके बाद कनाडा की तरफ। दो विश्व युद्धों में इस इलाके का योगदान बहुत बड़ा था, और लौटकर आए फौजी यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व से कहानियां व अनुभव सुनाते थे। मनुष्य सदा बेहतर जिंदगी तलाशता रहा, और जब घर पर मौके निराशाजनक हों, तो वह बाहर की ओर देखता है। यहां देश में, पंजाबी जीवट धीरे-धीरे तारी हुई और अच्छे नेतृत्व और प्रशासन की मदद से, हमने बिखरे टुकड़े सहेजे और विभाजन की भयावहता पर काबू पाया और लगभग सामान्य जीवन जीने लगे। कुछ दशकों तक लगा कि हम समृद्धि-शांति की राह पर हैं। परंतु यह मृगतृष्णा साबित हुई और राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था में खामियां उभरने लगीं। पहले से बंटे पंजाब में और विभाजन की मांग की गई जो अंततः सफल हुई। अकाली सिख वर्चस्व वाला राज्य चाहते थे, वहीं पहाड़ी लोगों ने अपने लिए सुरक्षित सूबा मांगा, ठीक यही हरियाणा के लोगों ने किया। संयुक्त पंजाब को तीन राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में बांट दिया। चंडीगढ़, जिसे लाहौर के स्थान पर बतौर आधुनिक राजधानी विकसित किया गया था, वह भी जाती रही।

विभाजन से पूर्व के पंजाब सूबे के पांच प्रशासनिक संभाग थे – जलंधर (अब जालंधर), लाहौर, दिल्ली, मुल्तान और रावलपिंडी। इसे बड़ी उपलब्धि के रूप में सराहा गया, लेकिन असल में इसने पंजाब के पतन की शुरुआत की क्योंकि लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था और पतनशील नेतृत्व ने अफरातफरी पैदा की। पहाड़ और उनके जंगल व जलीय स्रोत हिमाचल में वहीं राष्ट्रीय राजधानी की निकटता, इसके फायदे और यमुना किनारे की भूमि हरियाणा में चले गए। इस क्षेत्र का नाम बदलकर अब 'लघु आब' कर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह अब 'पंज-आब' कहलवाने लायक नहीं रहा। अधिकांश विकास सूंचकाकों में ये तीनों राज्य फिसड्डियों में आते हैं। लोकतंत्र में वोट



संख्या का महत्व होता है, जाहिर है संसद में 80 सीटों वाले राज्य की आवाज़ और उपस्थिति 10 या 13 सीटों वाले राज्य की तुलना में कहीं ज़्यादा है।

धीरे-धीरे युवाओं का कट्टरपंथीकरण होता गया और धर्म के नाम पर हिंसक आंदोलन के नये नारे देने वाला उग्रवादी नेतृत्व उभरा। इसके पीछे कई किस्म के नेताओं के हाथ-दिमाग थे, हालात बनते गए और हिंसा बढ़ती गई, उधर शासन की शक्ति बढ़ती गई। यह सब ऑपरेशन ब्लू स्टार त्रासदी और इंदिरा गांधी की हत्या का कारण बना, जिसके बाद भारत भर में सिखों का कत्लेआम हुआ व समय रहते उस पर अंकुश नहीं लगाया।

अगला दशक व्यर्थ गया, जिसमें रोजाना बेगुनाहों की हत्याएं होती रहीं। हमारे उत्तर-पश्चिमी पड़ोसी ने स्थिति का जमकर फायदा उठाया, चरमपंथ और आतंकवादी आंदोलन की आड़ में छद्म युद्ध चला दिया। पंजाब को इसकी कीमत चुकानी पड़ी। पाकिस्तान 1948, 1965 और 1971 में बड़ी लड़ाइयां हार चुका था,वह बदला लेने की ताक में था और यह मौका हमने तश्तरी में रखकर

गुरबचन जगत

दे दिया (1965 में भी पंजाब ने ही युद्ध का खमियाजा भुगता, क्योंकि ज्यादातर लड़ाई यहीं तक सीमित रही)। पंजाब में हालात फिर कभी पहले जैसे नहीं रहे और चुनाव होने तक, लगभग एक दशक राष्ट्रपति शासन रहा। जनता की मांग के बावजूद, पंजाब के लिए कोई वित्तीय पैकेज या विशेष विकास कार्यक्रम नहीं दिया गया, ताकि बेगुनाह लोगों के दशकों झेले आघातों की भरपाई हो पाती। सनद रहे कि दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वी तटों वाले प्रायद्वीप के विपरीत, पंजाब गैर-समुद्र तटीय राज्य है, व्यापार की एकमात्र राह उत्तर-पश्चिम और मध्य एशिया की तरफ खुलती है। किंतु यह रास्ता भी बंद हो गया और खोलने की अपीलें अनसुनी रहीं। इस घटनाक्रम ने 1980 के दशक में पलायन की दूसरी और ज्यादा बड़ी लहर को जन्म दिया। राहत और रोजगार पाने की आस में पश्चिमी देशों का रुख किया।


फिलहाल, तीसरी लहर जारी है क्योंकि युवा शिक्षा और रोजगार के लिए बेहतर मुल्कों में भविष्य देख रहे हैं। मैं इसे तीसरी लहर कहता हूं क्योंकि इसमें अब वे युवा शामिल हैं जिन्हें विरासत में कर्ज में डूबा राज्य मिला (पंजाब पर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का ऋण है) और उसके पास अवसर या उन्हें बनाने वाली शिक्षा नदारद है। इंटरनेट जागरूकता लाया, और आगे आकांक्षा को जगाया है। युवा पश्चिमी दुनिया का जीवन और सुख पाना चाहते हैं। उन्हें यहां यह सब नहीं मिलता और न ही इसे बनाने के साधन और माहौल हैं। पंजाब से लोग वैध-अवैध पलायन कर रहे हैं। राजनेता, पुलिस और ट्रैवल एजेंटों का गठजोड़ खुलेआम चल रहा है,ढेरों पैसे दिए जा रहे हैं। इसके लिए जमीन बेची जाती हैं, कर्ज लिए जाते हैं और रिश्तेदारों से रकम जुटाते हैं। अंग्रेजी सिखाने वाले कोचिंग सेंटर खुले, वहां भी पैसे ऐंठे गए। यह सब खुलेआम चलता रहा व गांवों, कस्बों और सत्ता के गलियारों में, इसे आम बात मान लिया गया। जहां तक मैं जानता हूं, वापस आए लोगों के वास्ते कोई पुनर्वास समिति नहीं है। कोई विरोध दर्ज नहीं किया , कोई एतराज नहीं जताया गया। वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम द्वारा उपलब्ध कराए आंकड़ों के अनुसार, भारत विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है – सालाना 100 बिलियन डॉलर से अधिक। ये लगभग 9 लाख करोड़ रुपये बनते हैं, जबकि 2023-24 में सकल जीएसटी संग्रहण लगभग 20 लाख करोड़ रुपये था। यकीनन, शासन से अप्रवासी कुछ तो सम्मान और परवाह पाने के पात्र हैं। अन्यथा, हम केवल उम्मीद पाल सकते हैं कि लड़ाकू चरमपंथी विचार और बेरोजगार युवाओं के विषाक्त मिश्रण वाला माहौल फिर पैदा न हो।

## जीवन मंत्र

# मां-बाप को जल्दी बूढ़ा कर देती हैं बच्चों की 4 आदतें

हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा अपने करियर में बहुत आगे तक जाए। इसके लिए वो अपना हर संभव प्रयास करते हैं। आर्थिक रूप से भी बच्चे की पढ़ाई-लिखाई या उसकी मांगी गई किसी चीज में कमी नहीं आने देते।

हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा अपने जीवन में बहुत आगे बढ़े, समाज में उनका नाम रोशन करें और एक खुशहाल जिंदगी जिए। इसके लिए पैरेंट्स अपनी पूरी मेहनत लगा देते हैं। कई बार तो उनकी जिंदगी बच्चे के इर्द-गिर्द की घूमती रह जाती है। हालांकि कई बार इतना ध्यान देने के बावजूद भी बच्चे किसी ना किसी गलत आदत का शिकार हो ही जाते हैं। जाहिर है इसका सबसे ज्यादा असर पैरेंट्स पर ही पड़ता है। कई बार तो माता-पिता अपने बच्चे को ले कर इतने चिंतित हो जाते हैं कि उनकी रातों की नींद तक उड़ जाती है। इसका असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ता है और बच्चे का भविष्य भी तबाही की और बढ़ जाता है। ऐसी ही कुछ आदतों का जिक्र आज हम कर रहे हैं जो यदि आप में हैं, तो उन्हें आज ही बदल डालिए। कई बार अपनी गलत संगत के चलते बच्चे कम उम्र में ही नशे जैसी गंदी लत के शिकार हो जाते हैं। कई बच्चे तो स्कूल और कॉलेजों में ही बीड़ी, सिगरेट, शराब और यहां तक की ड्रग्स लेना भी सीख जाते हैं। अब माता-पिता हर समय तो बच्चे की निगरानी कर नहीं सकते इसलिए इस बात का पता भी



उन्हें बहुत समय बाद ही चलता है। ज्यादातर मामलों में कोई बाहर वाला ही आ कर बच्चों के माता-पिता को ये जानकारी देता है। जैसे ही पैरेंट्स को ये बात पता चलती है उन्हें जोर का धक्का लगता है। और तो

और उनकी रातों की नींद भी रह जाती है। कई बच्चे पैरेंट्स से अपनी बात मनवाने या किसी तरह की रोक-टोक से बचने के लिए धमकियों का सहारा लेना शुरू कर देते हैं। खासतौर से 18 की उम्र के बाद बच्चों में ये बाघी नेचर डेवलप होने लगता है। वो बात-बात पर पैरेंट्स को घर से भाग जाने या फिर कुछ गलत कदम उठा लेने जैसी धमकियां देना शुरू कर देते हैं। ऐसी बातें सुनकर हर मां-बाप के पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। बच्चे की इस रवैए का असर उनकी मेंटल हेल्थ पर ही पड़ता है और चिंता में वो जल्दी बूढ़े होने लगते हैं। हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा अपने करियर में बहुत आगे तक जाए। इसके लिए वो अपना हर संभव प्रयास करते हैं। आर्थिक रूप से भी बच्चे की पढ़ाई-लिखाई या उसकी मांगी गई किसी चीज में कमी नहीं आने देते। जाहिर है एक उम्र के बाद उन्हें भी जिंदगी भर की भागदौड़ से राहत चाहिए होती है, जिसके लिए वो अपने बच्चे को उम्मीद की तरह देखते हैं। हालांकि जब बच्चा गलत संगत में पड़कर अपना करियर-वारियर छोड़कर मजे-मस्ती में खाली घूमना शुरू कर देता है, तो ये बात पैरेंट्स को काफी परेशान करने लगती है। वो उसके भविष्य को ले कर इतनी सोच में पड़ जाते हैं कि इसका उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर असर पड़ता है।

## जीवन ऊर्जा

विनायक दामोदर सावरकर : निधन 26 फरवरी 1966 — देहावसान

विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के भगूर गांव में हुआ था। विनायक सावरकर भारत के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाजसुधारक, इतिहासकार, राष्ट्रवादी नेता तथा विचारक थे। उन्हें प्रायः स्वातन्त्र्यवीर और वीर सावरकर के नाम से सम्बोधित किया जाता है। आखिरकार अपने मुंबई निवास पर 26 फरवरी 1966 में उन्होंने अंतिम सांस ली।

# महान लक्ष्य के लिए किया गया कोई भी बलिदान व्यर्थ नहीं जाता


महान लक्ष्य के लिए किया गया कोई भी बलिदान व्यर्थ नहीं जाता है। उन्हें शिवाजी को मनाने का अधिकार है, जो शिवाजी की तरह अपनी मातृभूमि को आजाद कराने के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं। अपने देश की, राष्ट्र की, समाज की स्वतंत्रता- हेतु प्रभु से की गई मूक प्रार्थना भी सबसे बड़ी अहिंसा का द्योतक है। देश-हित के लिए अन्य त्यागों के साथ जन-प्रियता का त्याग करना सबसे बड़ा और ऊंचा आदर्श है, क्योंकि – "वर जनहित ध्येयं केवल न जनस्तुति" शास्त्रों में उपयुक्त ही कहा गया है। वर्तमान परिस्थिति पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, इस तथ्य की चिंता किये बिना ही इतिहास लेखक को इतिहास लिखना चाहिए और समय की जानकारी को विशुद्ध और सत्य रूप में ही प्रस्तुत करना चाहिए। पतितों को ईश्वर के दर्शन उपलब्ध हों, क्योंकि ईश्वर पतित पावन जो है। यही तो हमारे शास्त्रों का सार है। भगवद दर्शन करने की अछूतों की मांग जिस व्यक्ति को बहुत बड़ी दिखाई देती है, वास्तव में वह व्यक्ति स्वयं अछूत है और पतित भी, भले ही उसे



चारों वेद कंठस्थ क्यों न हों। हमारे देश और समाज के माथे पर एक कलंक है अस्पृश्यता। हिन्दू समाज के, धर्म के, राष्ट्र के करोड़ों हिन्दू बन्धु इससे अभिशप्त हैं। जब तक हम ऐसे बनाए हुए हैं, तब तक हमारे शत्रु हमें परस्पर लड़वाकर, विभाजित करके सफल होते रहेंगे। इस घातक बुराई को हमें त्यागना ही होगा। कर्तव्य की निष्ठा संकटों को झेलने में, दुःख उठाने में और जीवनभर संघर्ष करने में ही समाविष्ट है। यश अपयश तो मात्र योगायोग की बातें हैं। अगर संसार को हिन्दू जाति का आदेश सुनना पड़े, ऐसी स्थिति उपस्थित होने पर, उनका वह आदेश गीता और गौतम बुद्ध के आदेशों से भिन्न नहीं होगा। कष्ट ही तो वह चाक शक्ति है जो इंसान को कसौटी पर परखती है और उसे आगे बढ़ाती है।

## शख्सियत — बेनेगल नरसिंग राव

# भारतीय सिविल सेवक, न्यायविद् और संवैधानिक विशेषज्ञ



बेनेगल नरसिंग राव, जिनका जन्म 26 फरवरी, 1887 को हुआ था, एक प्रमुख भारतीय सिविल सेवक, न्यायविद् और संवैधानिक विशेषज्ञ थे। मैंगलोर के एक प्रतिष्ठित परिवार से आने वाले राव की प्रारंभिक शिक्षा मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज में हुई, जहाँ उन्होंने असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया।

भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) में राव की यात्रा 1910 में शुरू हुई, और वह प्रशासनिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए तेजी से रैंकों में आगे बढ़े। सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण उन्हें सरकार में प्रमुख पद मिले और उन्होंने ब्रिटिश भारत के शासन को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राव की उल्लेखनीय भूमिकाओं में से एक भारत की संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार के रूप में थी। उनकी विशेषज्ञता ने भारतीय संविधान के प्रारूपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, राष्ट्र-निर्माण के इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान मूल्यवान अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान किया। न्याय, समानता और कानून के शासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने स्वतंत्र भारत के मूलभूत दस्तावेज पर एक अमिट छाप छोड़ी। स्वतंत्रता के बाद, राव ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए राष्ट्र के लिए अपनी सेवा जारी रखी। उन्होंने हेग में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) में पहले भारतीय न्यायाधीश के रूप में कार्य किया, और अंतर्राष्ट्रीय कानून में अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। अपने प्रशासनिक और कानूनी योगदान के अलावा, राव एक विपुल लेखक थे। उनके कार्यों में कानून, शासन और संवैधानिक मामलों पर किताबें और लेख शामिल हैं, जो कानूनी ढांचे में उनकी गहरी समझ और अंतर्दृष्टि को दर्शाते हैं। बेनेगल नरसिंग राव की विरासत उनके जीवनकाल से भी आगे तक फैली हुई है।

न्याय, निष्पक्षता और संवैधानिक शासन के सिद्धांतों के प्रति उनका समर्पण भारत और उसके बाहर भी कानूनी और प्रशासनिक दिमागों को प्रभावित करता है। 30 नवंबर, 1953 को उनका निधन हो गया, लेकिन भारत के कानूनी और संवैधानिक ढांचे में उनका योगदान एक ऐसे व्यक्ति की याद में कायम है, जिसकी बौद्धिक क्षमता और प्रतिबद्धता ने देश के इतिहास को आकार दिया।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# समस्या होने का आभास

एक बार एक राजा की कोई संतान नहीं थी। उम्र ढलती जा रही थी। बहुत प्रयास किए। कई हकीमों वैद्यों को दिखाया परन्तु नतीजा सिफर रहा राजा को चिन्ता सताने लगी कि मेरे बाद राज



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

पाट कौन संभालेगा। राजा को उपाय सूझा। महल के भीतर एक नया महल बनवाया। उसके मुख्य द्वार पर बीजगणित का एक सूत्र लिखवाया और पूरे राज्य में मुनादी पिटवाई कि जो भी व्यक्ति इस सूत्र को हल कर लेगा। उसके बाद यह द्वार खुल जायेगा। वही इस महल का स्वामी व राज्य का उत्तराधिकारी होगा। अब पूरे राज्य के बड़े-बड़े गणितज्ञ व विद्वान पहुंचने लगे पर कोई भी उस सूत्र को हल नहीं कर सका। राजा की चिन्ता बढ़ने लगी कुछ दिन बाद प्रयास करने वाले आने बन्द हो गए। राजा ने पास के राज्यों में भी ढिंढोरा पिटवा दिया। प्रलोभन अच्छा था बहुत से लोग आने लगे पर



किसी से भी सूत्र हल नहीं हुआ। धीरे-धीरे लोग आने कम हो गए एक दिन केवल दो ही लोग पहुंचे, जिनमें से एक गणितज्ञ थे और एक साधारण युवक के जीर्ण शीर्ण वस्त्र देख कर द्वारपाल उसे क्रोधित हो भगाने लगे। तुम से न हो सकेगा जाओ राजा की दृष्टि पड़ी तो युवक को रुकवाया गया। राजा बोले पहले युवक को ही अवसर प्रदान किया जाए।

युवक ने कहा कि पहले विद्वान व्यक्ति को ही अवसर दें यदि इनसे न हो सका तब प्रयास करूंगा। राजा बोले ठीक है। आप आसन ग्रहण करें। वह गणितज्ञ शाम ढलने तक प्रयास करता रहा पर कुछ न हुआ अब युवक को बुलाया गया। युवक ने जाकर द्वार पर हाथ लगा कर धक्का दिया। द्वार खुल गया महल करतल ध्वनि से गूंज उठा। राजा ने पूछा आप कैसे कर पाए। युवक ने कहा कि जब विद्वान व्यक्ति पूरे दिन जूझ रहे थे, तब मुझे लगा कि यह भी हो सकता है कि ये कोई बीजगणित सूत्र ही न हो एवं द्वार पर बुद्धि पर रखने के लिए लिखा गया हो। जीवन में कई बार हम सभी किसी समस्या से जूझते रहते हैं जबकि वो कोई समस्या होती ही नहीं।

## अपने विचार

महाकुंभ ने प्रदेश में पंचतीर्थ बना दिये, प्रयागराज के साथ काशी, अयोध्या, गोरखपुर, मथुरा, वृंदावन. इन सभी जगह समान रूप से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अयोध्या काशी में 52 दिनों में अपार श्रद्धालु पहुंचे।
**-योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तर प्रदेश



कांग्रेस ऊंट है और बैठ भी जाए तो गदहा से ऊंचा है। लालू यादव मेरे बुजुर्ग हैं और मेरे सम्मानित नेता हैं। लालू यादव की अपनी पार्टी है। कांग्रेस के लीडर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हैं। कांग्रेस के बगैर बीजेपी को हराना बहत मुश्किल है।'
**-पप्पू यादव**, नेता, कांग्रेस



मैंने बाकी नामों को क्लीयर नहीं किया क्योंकि उन पर आरोप हैं और कुछ मामलों में जांच भी चल रही है। चाहे कोई नाराज हो या खुश, मैं ऐसे नामों को पास नहीं करूंगा।
**-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम, महाराष्ट्र



कुछ लोगों ने महाकुंभ में राजनीतिक अवसरवाद को तलाशा और उनको आत्मप्रचार का माध्यम मिला लेकिन उन्होंने अपनी नैतिकता, सत्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनाओं को खो दिया और वाणी पर संतुलन को भी।
**-अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख



**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
**indiagroundreport@gmail.com**
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# मध्य रेलवे महाप्रबंधक ने किया इगतपुरी-नासिक खंड का निरीक्षण

### सिंहस्थ कुंभ 2027 की तैयारियों पर चर्चा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धरमवीर मीना ने इगतपुरी-नासिक खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की तथा रेल पटरियों की फिटनेस, स्टेशन परिसरों की स्थिति, ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) प्रणाली, लेवल क्रॉसिंग और प्रमुख सुरक्षा अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया।

### सिंहस्थ कुंभ मेला नासिक 2027: रेलवे तैयारियों पर प्राथमिक बैठक

#### नासिक रोड स्टेशन का व्यापक निरीक्षण

महाप्रबंधक मीना ने नासिक रोड स्टेशन का गहन निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने स्टेशन संचालन, सुरक्षा उपायों और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 के दौरान रेलवे सेवाओं के सुचारू संचालन और भीड़ प्रबंधन हेतु आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया गया।



दिनांक 25 फरवरी 2025 को महाप्रबंधक धरमवीर मीना ने नासिक के विभागीय आयुक्त के साथ प्राथमिक बैठक की। इस बैठक में भुसावल मंडल रेल प्रबंधक, मुख्यालय के प्रधान विभाग प्रमुख, भुसावल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्य सरकार के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 के लिए रेलवे प्रबंधन की व्यापक तैयारियों पर चर्चा की गई।

### रावेर स्टेशन पर 82 kWp सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन

महाप्रबंधक श्री धरमवीर मीना के कर-कमलों द्वारा 25 फरवरी 2025 को रावेर रेलवे स्टेशन पर 82 kWp क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया। यह पर्यावरण अनुकूल पहल प्रतिवर्ष 1,19,720 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगी, जिससे 91 मीट्रिक टन CO उत्सर्जन में कमी आएगी और नेट मीटरिंग के माध्यम से रेलवे को प्रति वर्ष 99,631 की आय होगी। देवलाली स्टेशन के बाद भुसावल मंडल में रावेर दूसरा हरित (ग्रीन) रेलवे स्टेशन बन गया है।

### देवलाली, कसबे सुकणे, ओढा एवं खेरवाड़ी स्टेशनों का निरीक्षण

महाप्रबंधक मीना ने सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के अंतर्गत देवलाली, कसबे सुकणे, ओढा और खेरवाड़ी स्टेशनों का निरीक्षण किया। साथ ही, अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान यात्री सुविधाओं के उन्नयन, भीड़ प्रबंधन तथा रेलवे परिचालन की दक्षता पर विशेष ध्यान दिया गया।

# कल्याण-डोंबिवली महापालिका को ग्रीन ऊर्जा पुरस्कार

### सौर ऊर्जा में बढ़ती सफलता

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) को इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 5वां ग्रीन ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित 13वीं ग्रीन एनर्जी समिति में यह सम्मान दिया गया।

#### ऊर्जा संरक्षण में बड़ी उपलब्धि

महापालिका आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड़ के नेतृत्व में KDMC ने सौर ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। महापालिका क्षेत्र में 1832 इमारतों पर सौर उष्ण जल संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे प्रति वर्ष 18 करोड़ यूनिट बिजली की बचत हो रही है।

#### स्मार्ट सिटी पहल के तहत ऊर्जा बचत




महापालिका ने एलईडी लाइट्स, ऊर्जा कुशल चिलर, और सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से बिजली की खपत कम करने पर जोर दिया है। साथ ही, जन जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया है। इस पुरस्कार से KDMC की ऊर्जा संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है, जिससे भविष्य में और अधिक नवाचारों को बढ़ावा मिलेगा।

#### रूफ टॉप सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन

2021 से विकासकों के लिए रूफ टॉप नेट मीटर सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट अनिवार्य किया गया। अब तक 197 इमारतों पर 3 .6 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे प्रति वर्ष 52 लाख यूनिट बिजली उत्पन्न हो रही है।

# बेलीफ फाउंडेशन द्वारा भव्य हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

अंधेरी पूर्व के मरोल पाइपलाइन स्थित बेलीफ फाउंडेशन द्वारा भव्य हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दो हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को स्मृति उपहार भी भेंट किए गए।

### संस्कृति को आगे बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण पर जोर



फाउंडेशन के संस्थापक जयनारायण तिवारी और अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज में एकता बनाए रखना, संस्कृति को आगे बढ़ाना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि बेलीफ फाउंडेशन हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।

### सम्मानित हस्तियों की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में कई सम्मानित हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिन्होंने अपने समर्थन और आशीर्वाद से इस आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए आपसी सौहार्द को मजबूत किया। इस अवसर पर दीपक जायसवाल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल परंपराओं को सम्मान देना ही नहीं, बल्कि महिलाओं को एक मंच प्रदान कर उन्हें यह विश्वास दिलाना है कि समाज उनके साथ है। बेलीफ फाउंडेशन का यह प्रयास सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में प्रियंका तिवारी, एडवोकेट प्रीति पांडे, उषा पांडे, प्रिया पांडे, एडवोकेट प्रेमलता जैन, चार्मिना केयोनिया, रिया सिंह, विजयलक्ष्मी, हैरिनी भंजन (एचआर) उपस्थित थी।

# स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन

सुशील सिंह । कल्याण

संत गाडगे महाराज जयंती और आर. के. बाजार के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) और आर. के. बाजार के संयुक्त प्रयास से एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान न केवल क्षेत्र की सफाई के लिए था, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

### प्रमुख वक्ताओं के विचार



KDMC के उपायुक्त अतुल पाटील ने कहा, "स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए आवश्यक है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।"

पर्यावरण विशेषज्ञ गोडेकर ने कहा, 'स्वच्छता का अर्थ केवल सफाई करना नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना भी है। हमें स्वच्छता को प्राथमिकता देनी चाहिए।'

आर. के. बाजार के मालिक मनोज डुंबरे ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा, 'समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अभियान के माध्यम से हम नागरिकों को प्रेरित करने का प्रयास कर रहे हैं।'

#### अभियान में व्यापक सहभागिता

KDMC के ठोस कचरा प्रबंधन विभाग के उपायुक्त अतुल पाटील के मार्गदर्शन में आर. के. बाजार की 24 शाखाओं में यह अभियान संचालित हुआ। इस स्वच्छता अभियान में आर. के. बाजार के 400 अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही KDMC के 150 अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए।

#### स्वच्छता की शपथ और सफाई अभियान

अभियान की शुरुआत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इसके बाद उन्होंने कचरा उठाने, पौधों की देखभाल करने और क्षेत्र को सुंदर बनाने का कार्य किया। इसके अलावा, स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

### कोडिंग-रोबोटिक्स का दिया प्रशिक्षण

# वेबिनार में शामिल हुए राज्य के 50 हजार से ज्यादा छात्र

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार के व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण निदेशालय (डीवीईटी) द्वारा राज्य भर के 1049 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्रों के लिए 'कोडिंग और रोबोटिक्स' विषय पर एक राज्य स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया था। इस पर कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इस वेबिनार में 50,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए विशेष वेबिनार में 'कोडिंग और रोबोटिक्स' क्षेत्र के महत्व, अवसरों और भविष्य की रोजगार संभावनाओं पर चर्चा की गई। टीम सिग्मा के छात्रों ने वेबिनार में इस क्षेत्र में अवसरों पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दक्षिण मुंबई के कक्षा 9वीं के उन 11 होनहार छात्रों से मुलाकात की, जिन्होंने एक निःशुल्क 5 घंटे का ऑनलाइन पाठ्यक्रम बनाया है। यह पाठ्यक्रम पूरे महाराष्ट्र के युवाओं को कोडिंग और रोबोटिक्स सीखने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री लोढ़ा ने इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें अपने ज्ञान को हजारों जरूरतमंद छात्रों तक फैलाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि ये बच्चे पुणे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और फिर संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# 35वीं महाराष्ट्र राज्य पुलिस खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । ठाणे




35वीं महाराष्ट्र राज्य पुलिस खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 22 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, ताइक्वांडो, जूडो, कुश्ती, मुक्केबाजी, हॉकी, पावरलिफ्टिंग, बॉडीबिल्डिंग, क्रॉस कंट्री और तैराकी सहित कई खेल शामिल हैं।

### प्रतियोगिता में 13 टीमें और 2,929 खिलाड़ी शामिल

महाराष्ट्र पुलिस विभाग की 13 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जिसमें 2,323 पुरुष और 606 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था एमएमआरडीए द्वारा की गई है। भायंदरपाड़ा में क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, साथ ही खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल तक लाने-ले जाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है।

# महामंडलेश्वर श्री धर्मदास जी महाराज को "जगतगुरु" की उपाधि

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी




पूज्य महामंडलेश्वर श्री धर्मदास जी महाराज को "जगतगुरु" की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह पूरे गुरु समुदाय और भक्तों के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। वर्तमान में महाकुंभ प्रयागराज में श्रद्धालुओं को त्रिवेणी संगम में स्नान का पावन अवसर मिल रहा है। पूज्य गुरुजी ने भंडारे, पूजा-पाठ एवं भक्तों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था कराई, जिससे श्रद्धालुओं में अत्यधिक आनंद और उत्साह देखने को मिला।

#### नवसारी आश्रम का विस्तार और मंदिर निर्मा

गुरुजी के मार्गदर्शन में नवसारी आश्रम का विस्तार हो रहा है, जहां शाकंभरी माता, जीण माता और खाटू श्याम बाबा के भव्य मंदिरों का निर्माण कार्य जारी है। यह आध्यात्मिक केंद्र भविष्य में एक प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में विकसित होगा।

# एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन

### रेल मंत्री ने इनोवेशन पर दिया जोर

डीबीडी संवाददाता । नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा आयोजित एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन सफलतापूर्वक हुआ। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समारोह को संबोधित किया और नवाचार को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया।



#### प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया सम्मानित

इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम अवॉर्ड, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रेल मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को दर्शाती है और देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर ले जाने में सहायक होगी।

#### भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास का नया सहयोग

रेल मंत्री ने घोषणा की कि भारतीय रेलवे और आईआईटी मद्रास वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर मिलकर काम करेंगे, जिसे रेलवे द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

#### भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक

भारत की पहली 422 मीटर लंबी हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है। यह भारतीय रेलवे और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाता है, जिससे देश वैश्विक स्तर पर रेलवे इनोवेशन और अत्याधुनिक यात्रा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। समापन समारोह में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — मेहनत रंग लाएगी। कार्य की प्रशंसा होगी। यात्रा सफल रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। लाभ होगा। वाहन क्रय करने के योग बनेंगे। इच्छाशक्ति का लाभ मिलेगा। पारिवारिक वातावरण से आशान्वित रहेंगे।

**वृष** — पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। मेहनत अधिक होगी। थकान रहेगी। व्यर्थ खींचतान में नुकसान संभव है। आर्थिक मामलों में विश्वास, भरोसे में नहीं रहें। दिन प्रतिकूल रहेगा।

**मिथुन** — विवेक से कार्य करें। लाभ होगा। सतर्कता एवं सावधानीपूर्वक व्यापारिक योजनाओं को अंजाम दें। विद्यार्थी शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करेंगे। यात्रा न करें। पुराना रोग उभर सकता है।

**कर्क** — विवेक से कार्य करें। दूसरों पर विश्वास न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापारिक प्रतिष्ठा, लेन-देन अन्य कानूनी परेशानी संभव है। परिवार में किसी से विवाद होने की आशंका है।

**सिंह** — किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग अपने क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कन्या** — पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। उत्तेजित न हों। लाभ होगा। रोजगार की संभावनाएँ बढ़ेंगी। महत्व के मामले सुलझेंगे। घर में मूल्यवान वस्तुओं को संभालना होगा।

**तुला** — स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। आशानुरूप आमदनी होगी। व्यापार-व्यवसाय में अनुभव, निवेश में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — बेरोजगारी दूर होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। नौकरी, रोजगार में उन्नति, सहयोग संभव है। आवश्यक मार्गदर्शन मिलेगा।

**धनु** — परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। अपरिचित व्यक्तियों के सहयोग से आत्मविश्वास का

**मकर** — रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। थकान रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में पद, स्थिति से लाभान्वित हो पाएँगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — कार्यस्थल पर सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। कार्य में प्रगति, उत्साह रहेगा। दूसरों की दखलंदाजी पसंद नहीं आएगी।

**मीन** — धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। महत्वपूर्ण व्यक्ति सहायता को आगे आएंगे। कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। उत्साहपूर्वक व्यावसायिक योजनाओं को पूरा करेंगे।

# जन्म कुंडली में द्वितीय भाव का महत्व






प्रियंका जैन
9769994439

जन्म कुंडली में द्वितीय भाव को मुख्यतः धन एवं कुटुंब का घर माना जाता है । इसके स्वामी को द्वितीयेश कहते हैं । जो भी धन हम कमाते हैं उसका संग्रह होगा या नहीं इसके लिए द्वितीय भाव को देखा जाता है । इसके अलावा द्वितीय भाव से कुमार ( बचपन ) अवस्था की बातें , प्रारंभिक शिक्षा , मुख , मुख की शोभा , बनावट , सुंदरता , कुरूपता , दाहिना आंख , वाणी इत्यादि के विषय में विचार किया जाता है ।

वैवाहिक जीवन के लिए सप्तम के साथ द्वितीय भाव को भी देखा जाता है ।

आँखों के निचे डार्क सर्किल या चेहरे पर दाग इत्यादि भी देखा जाता है ।

चाहे कोई व्यक्ति कितना भी धन कमा लें यदि द्वितीय भाव कमजोर हो या पीड़ित हो और उस पर किसी मित्र ग्रह की दृष्टि ना हो तो ऐसे व्यक्ति के पास प्रायः धन का संग्रह नहीं हो पाता है एवं कुटुम्ब के सुख में कमी हो जाती है ।

यदि किसी की कुंडली में द्वितीय भाव , द्वितीयेश और बुध तीनों ही पीड़ित हो जाते हैं तो ऐसे व्यक्ति को वाणी से संबंधित समस्या होने की संभावना बहुत ज्यादा रहती है ।

द्वितीय भाव को मारक स्थान एवं उसके स्वामी को मारकेश भी कहते हैं । मारकेश का मतलब यह नहीं है कि जब भी इसकी दशा आएगी तो मृत्यु हो जाएगी । जब आयु – मृत्यु का कालखंड ( दीर्घ , माध्यम , अल्प ) में द्वितीयेश की दशा में सप्तमेश , द्वादशेश आदि आयुनाशक ग्रहों की अंतर्दशा आती है तब मृत्यु का योग बनता है । अन्यथा शरीर को कष्ट भर देती है । वैसे भी जब जीवन है तो सुख -दुख और कष्ट चलता ही रहता है । इसलिए यदि द्वितीयेश कमजोर हो तो मृत्यु के डर से उसे कमजोर नहीं रहने देना चाहिए बल्कि उसको ( कुंडली विश्लेषण कर के आवश्यकता के अनुसार ) प्रबल करना चाहिए क्योंकि यदि प्रबल नहीं करेंगे तो धन का सुख भी नही प्राप्त होगा ।

द्वितियेश कि स्थिति ठीक हो तो इसकी दशा अंतर्दशा में धन का श्रेष्ठ लाभ होत है ।

कुंडली के द्वितिय भाव से और भी परिवार के विषय में सामान्य जानकारी प्राप्त किया जा सकता है ।

माता का आमदनी का भाव , पिता के विद्या बुद्धि का भाव , पत्नी के आयु का भाव संतान के कर्म का भाव इत्यादि ।

न्यूज़ ब्रीफ

## रायपुर कांग्रेस दफ्तर में ईडी की रेड

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में ईडी ने मंगलवार को दबिश दी. ईडी की टीम कांग्रेस भवन पहुंची. इस टीम में कुल चार सदस्य थे. ईडी टीम ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह से बंद कमरे में पूछताछ की. हालांकि इस मामले को लेकर ईडी ने कोई जानकारी नहीं दी है, कि छापे के दौरान क्या मिला, किस तरह की कार्रवाई की गई. इस रेड के एक्शन से कांग्रेस में हड़कंप है.

नेता प्रतिपक्ष को विधानसभा में मिली जानकारी

इस रेड की कार्रवाई की जानकारी नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मिली. पत्रकारों ने इस बात की जानकारी उन्हें दी, जैसे ही उन्हें जानकारी मिली वह चौंक गए. उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है।

जानबूझकर परेशान करने का लगाया आरोप

चरणदास महंत ने सरकार पर आरोप लगाया कि हमारे लोगों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।

## बिहटा IIT में हैदराबाद के छात्र ने की आत्महत्या

**पटनाः** बिहार के पटना में आत्महत्या का मामला सामने आया है. बिहटा आईआईटी के छात्र ने अपनी जान दे दी. मृतक छात्र की पहचान हैदराबाद निवासी राहुल लावरी के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम और आईआईटी बिहटा के निदेशक प्रो टीएन सिंह भी मौके पर पहुंचे।

सातवीं मंजिल से लगायी छलांग

जानकारी के अनुसार राहुल लावरी आईआईटी पटना कैंपस में कंप्यूटर एंड मैथमेटिक्स डिपार्मेंट में थर्ड ईयर का छात्र था. कैंपस के छात्रों के अनुसार मंगलवार को राहुल लावरी पहले अपना हाथ काटा और उसके बाद आईआईटी कैंपस के एक भवन के 7वीं मंजिल से नीचे कूद गया।

क्यों की आत्महत्या ?

एक ही ब्रांच में पढ़ने वाला रितु प्रण ने बताया कि मंगलवार की सुबह की घटना है. वह पेपर देने गया था लेकिन साथ में राहुल नहीं गया था. इसी दौरान उसने आत्महत्या कर ली. रितु ने बताया कि राहुल बहुत ही अच्छा लड़का था. किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी. हमलोग साथ में पढ़ते थे. पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि उसने आत्महत्या कर ली।

## विधानसभा बजट सत्र विपक्ष की गैरमौजूदगी में हुआ प्रश्नकाल

**जयपुरः** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष की गैर मौजूदगी में सदन की कार्यवाही चली. प्रश्नकाल में किसी भी विपक्ष के सदस्य का कोई सवाल जवाब नहीं हुआ, सदन में सिर्फ सत्ता पक्ष और निर्धारित विधायकों ने ही सवाल किए. प्रश्नकाल के दौरान प्रदेश में स्मार्ट पीडीएस योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में सृजित पदों, संविदा पदों का मानदेय निर्धारित करने, डीडवाना विधानसभा क्षेत्र में अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए संचालित योजना सहित कई प्रश्नों के सवाल जवाब हुए. हालांकि प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक मनीष यादव के प्रदेश में मातृ वन की स्थापना के सवाल को विधानसभा अध्यक्ष ने महत्वपूर्ण बताते हुए स्वयं पूछा।

# लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को झटका

### 11 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होने का निर्देश

पटना : आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के लिए जमीन के बदले नौकरी मामले में दिल्ली के राउज रिवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है।लालू प्रसाद के ऊपर चल रहे जमीन के बदले नौकरी मामले में 11 मार्च को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी।राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले के सभी अभियुक्तों को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।



### क्या है जमीन के बदले नौकरी मामला?

आरोप है कि पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के रेल मंत्री के कार्यकाल में 2004 से 2009 के बीच बगैर किसी विज्ञापन के कई लोगों को रेलवे में नौकरियां दी गई।मामला सामने आने के बाद इसकी जांच सीबीआई ने शुरू की।सीबीआई के आरोप पत्र के मुताबिक नौकरी देने के बदले उनसे या उनके परिवार के सदस्यों से लालू प्रसाद ने उनकी जमीनें अपने परिवार के नाम पर लिखवा ली . विपक्ष का लालू परिवार पर हमला

जांच के दौरान यह बात सामने आयी कि रेलवे ग्रुप डी में नौकरी देने के एवज में संबंधित लोगों से राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और दिल्ली की एके इंफोसिस्टम प्रा।लि।कंपनी के नाम पर पांच सेल डीड का प्रमाण सामने आया।इस मामले को लेकर जमकर राजनीति भी हुई है।विपक्ष लगातार लालू परिवार पर हमलावर रहा है।

### सीबीआई की फाइनल चार्जशीट

दरअसल, जमीन के बदले नौकरी मामले में सीबीआई ने फाइनल चार्जशीट कोर्ट में दाखिल किया।सीबीआई की चार्जशीट के बाद दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू प्रसाद सहित सभी आरोपियों को सम्मन भेजा है।लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं।जिसमें खुद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, छोटे बेटे तेजस्वी और दो बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव शामिल हैं।

### लालू परिवार के सदस्य हैं आरोपी

बता दें कि लैंड फॉर जॉब मामले में 20 जनवरी 2024 को ED की दिल्ली और पटना की टीम के अधिकारियों ने लालू प्रसाद तेजस्वी प्रसाद यादव से 10 घंटे से अधिक की पूछताछ की थी।कोर्ट ने तेज प्रताप यादव के खिलाफ भी समन जारी किया था।उसके बाद 7 अक्टूबर को पहली बार तेज प्रताप यादव इस मामले में कोर्ट में पेश हुए थे।अब इस मामले में तेज प्रताप यादव को भी कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है. 9 अभियुक्तों को मिली थी जमानत : जमीन के बदले नौकरी मामले में पिछले साल 7 अक्टूबर को हुई सुनवाई में लालू प्रसाद के परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिली थी।दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके।

## सपा नेता आजम खां परिवार को बड़ी राहत हरदोई जेल से रिहा हुए अब्दुल्ला



रामपुर। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के परिवार को बड़ी राहत मिली है। आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम खां की हरदोई जेल से रिहाई हो गई है। वह काफिले के साथ रामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। कुछ ही घंटे में वह रामपुर पहुंच जाएंगे। अब्दुल्ला आजम खां की 42 मामलों में जमानत होने के बाद सोमवार को कोर्ट से रिहाई के परवाने जारी हुए थे। रिहाई के परवाने मिलते ही हरदोई जेल प्रशासन ने मंगलवार को दोपहर में अब्दुल्ला को जेल से रिहा कर दिया। वह 17 माह तीन दिन जेल में रहे थे। सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अब्दुल्ला आजम की रिहाई हो चुकी है, कुछ देर में वह रामपुर पहुंच जाएंगे। शत्रु संपत्ति की जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी के मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बड़े बेटे अदीब आजम व उनकी बहन निकहत अखलाक सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने अब 5 मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत स्वीकार कर ली है। शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में रिकार्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में 9 मई 2020 को लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप है। दरअसल, यह मामला मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी परिसर के अंतर्गत आने वाली भूमि का है, जो कि इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी। इमामुद्दीन कुरैशी वर्ष 1947- 48 में भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे ।

## देवघर में शिव बारात में ड्रैगन बनेगा आकर्षण का केंद्र

### सामाजिक कुरीतियों से जुड़ी झांकियां भी होंगी शामिल

**देवघरः** जिले में होने वाले शिवरात्रि कार्यक्रम को लेकर लगभग सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं. पिछले 34 वर्षों में पहली बार राज्य सरकार का पर्यटन विभाग देवघर के शिव बारात को निकालने का काम करेगा. इसलिए इस वर्ष देवघर के लोगों में इस बात को लेकर खासा उत्साह है कि शिव बारात में निकलने वाली झांकी में क्या कुछ स्पेशल होगा. इस वर्ष शिव बारात में निकलने वाली झांकी को लेकर बताया जा रहा है कि वर्ष 2025 में एक ड्रैगन झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा. ड्रैगन के मुंह से निकलने वाले ड्रैकुला लोगों को मनोरंजित करेगा. इसके अलावा कलिकासुर राक्षस भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा. वहीं मुंझिया भुतहा पेड़ भी झांकी में शामिल रहेगा. भूत पिशाच की आकर्षित आकृति के अलावा देवघर के ज्योतिर्लिंग के साथ-साथ देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन लोग झांकी में कर पाएंगे।

## अधर में लटका सहकारी का चुनाव

**देहरादूनः** उत्तराखंड में चल रहे सहकारी चुनाव प्रक्रिया फिर सवालों के घेरे में आ गई है. जबकि, सोमवार यानी 24 फरवरी को प्रदेशभर में जिलों में सहकारी समिति के चुनाव हुए. आज यानी मंगलवार को प्रदेश स्तर के अधिकारियों के चुनाव होने थे, लेकिन सोमवार देर शाम नैनीताल हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद सहकारी ने चुनाव परिणाम को भी सुरक्षित कर लिया है. साथ ही मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया पर रोक दी. अब अगली सुनवाई तक चुनाव टाल दिए गए हैं. सहकारी चुनाव अधिकारी हंसा दत्त पांडे ने दी ये जानकारी राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण उत्तराखंड के अध्यक्ष हंसा दत्त पांडे ने बताया कि कोर्ट के आदेशों के क्रम में ही सहकारी संघ की ओर से 1 महीने पहले से ही चुनाव नोटिफिकेशन जारी कर चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई थी. इसी प्रक्रिया के तहत 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी किया गया. उसके बाद 18 फरवरी को नाम वापसी के बाद तकरीबन संघ के 90 फीसदी पदों पर निर्विरोध चुनाव भी संपन्न हो चुका है।

वोटर लिस्ट की वजह से फंसा पेंच

हंसा दत्त पांडे ने बताया कि सहकारी संघ की तकरीबन 6,445 संचालकों के पद पर चुनाव होना है. जिसके लिए



18 फरवरी को नाम वापसी के बाद संघ के 5,891 संचालक निर्विरोध निर्वाचित कर दिए गए हैं. इसके बाद 21 फरवरी को कोर्ट से एक आदेश आया, जिसमें महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण के तहत करीब 33 हजार महिला समेत सवा लाख वोटर्स के बिना 12 बी के तहत चुनाव कराने के आदेश मिले. यानी 14 फरवरी को जो मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, उसमें 21 फरवरी को पीछे जाने का सवाल नहीं था।

## स्पेशल इंवेस्टिगेशन सेल करेगी जांच




**देहरादून।** उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) में 130 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ है। इस मामले में नेहरू कॉलोनी थाने में छह मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिन्हें अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन सेल (SIC) को सौंप दिया गया है। सरकारी परियोजनाओं में अनियमितताएं 2012 से 2018 के बीच उत्तराखंड सरकार ने यूपीआरएनएन को आईटीआई भवन, डिजास्टर रिलीफ सेंटर, पर्यटन विभाग, बैकअप एनर्जी प्रोजेक्ट और दून मेडिकल कॉलेज के ओपीडी ब्लॉक सहित कई परियोजनाएं सौंपी थीं। आरोप है कि निगम के अधिकारियों ने लेखा विभाग के साथ मिलकर इन परियोजनाओं में करोड़ों रुपये का गबन किया। विभागीय जांच के बाद मुकदमे दर्ज 2019 में इस घोटाले की विभागीय जांच शुरू हुई, जिसके बाद सहायक लेखाधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया था। जांच में सामने आया कि बिना जमीन अधिग्रहण के करोड़ों रुपये का भुगतान तक कर दिया गया। अब यूपीआरएनएन के छह पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने एसआईसी को निर्देश दिया है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए। गैंगस्टर सद्दाम और लल्ला गद्दी की 5.29 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क बरेली।

## पेपर लीक का सेंटर था गिरिडीह

- मजदूर के भेष में की थी चोरी
- पुलिस की जांच में हुआ खुलासा

### परेशान हुए अधिकारी

इधर मामले का खुलासा होते ही जिला के अधिकारियों के कान खड़े हो गए. जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद के साथ-साथ डीएसपी नीरज कुमार सिंह, डीएसपी कौशर अली, डीएसपी आबिद खान, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी गिरिडीह नगर निगम भवन पहुंचे. इसके साथ ही पूरी छानबीन शुरू की।




गिरिडीहः जैक 10वीं परीक्षा के दो प्रश्न पत्र लिक के मामले में अब तक की बड़ी कार्रवाई हुई है. कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह से छह लोगों को गिरफ्तार किया है. जिन्हें गिरफ्तार किया गया है उनमें से एक मास्टरमाइंड है. सभी की गिरफ्तारी नगर थाना इलाके के बरगंडा से की गई है. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोडरमा की पुलिस शहर के शहरी अजीविका केंद्र नगर निगम गिरिडीह पहुंची. गिरफ्तार किए गए सभी 6 लोगों को पुलिस यहां लेकर आयी. इस स्थान पर सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी पहुंचे. यहां पर गिरफ्तार सभी लोगों को भवन के अंदर ले जाया गया. बताया जाता है कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने पुलिस को बताया कि उनलोगों द्वारा ट्रक से पेपर को उतार कर भवन के अंदर रखने के दरमियान ही पेपर की चोरी कर ली थी, जिसे बाद में वायरल किया गया. हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. एसडीपीओ कोडरमा कहते हैं कि छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है. सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था

जानकारी के अनुसार JAC मैट्रिक की परीक्षा का पेपर जिस भवन (स्ट्रांग रूम) में रखा गया था, उसके कैंपस के अंदर ट्रक दाखिल नहीं हो रहा था. ऐसे में ट्रक से जब प्रश्न पत्र आया तो उसे सड़क पर उतार कर टोटो पर लादकर भवन के अंदर लाया गया. जिस भवन में पेपर रखा गया था, वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया था. हालांकि सुरक्षा के लिए पुलिस अधिकारी और जवानों की तैनाती की गई थी. अब प्रशासन से चूक कैसे हुई, पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी है।

### 6 साल के बेटे की हत्या कर पिता ने की आत्महत्या

**डूंगरपुरः** जिले के सदर थाना क्षेत्र के मैताली गांव में एक पिता ने अपने 6 साल के बेटे की हत्या कर दी. वहीं इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या कर ली. हालांकि आरोपी के ऐसा करने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि मैताली गांव निवासी गौतम बरंडा ने रिपोर्ट दी है. रिपोर्ट में बताया कि उसके चार बेटे हैं।




# टाटा कैपिटल के IPO को बोर्ड की मंजूरी

**मुंबई।** टाटा कैपिटल ने 25 फरवरी को अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO प्लान को मंजूरी दे दी है। टाटा ग्रुप की फाइनेंस कंपनी के इस IPO में 23 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे, साथ ही मौजूदा शेयरधारकों द्वारा ऑफर फॉर सेल (OFS) भी होगा। बोर्ड ने कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों को राइट्स बेसिस पर 1,504 करोड़ रुपए तक के शेयर जारी करने का फैसला किया है। 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज की लिस्टिंग के बाद यह टाटा ग्रुप की किसी कंपनी का पहला IPO होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टाटा कैपिटल इस IPO के जरिए करीब




15,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है।

दरअसल RBI के एक नियम के चलते टाटा कैपिटल को अपना IPO लाना पड़ रहा है। RBI ने टाटा कैपिटल को अपनी 'अपर लेयर' वाली NBFC कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। इसमें शामिल होने वाली कंपनियों को शामिल होने की तारीख से 3 साल के अंदर खुद को शेयर बाजार में लिस्ट कराना होता है। इस नियम के तहत, टाटा कैपिटल के पास खुद को शेयर बाजार में लिस्ट कराने के लिए सितंबर 2025 तक का समय है।

नई दिल्ली। साल 2024 में भारत ने आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग) लॉन्चिंग के मामले में दुनिया के सभी देशों को पीछे छोड़ दिया। इस वर्ष देश में मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट मिलाकर कुल 337 आईपीओ लॉन्च हुए, जबकि अमेरिका में केवल 183 आईपीओ जारी किए गए। यूरोप की तुलना में भारत में ढाई गुना अधिक आईपीओ की लिस्टिंग हुई।

### रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा आईपीओ बाजार

ईवाई ग्लोबल आईपीओ ट्रेंड्स 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और निवेशक-अनुकूल नीतियों के चलते हर दिन औसतन एक नया आईपीओ लॉन्च हुआ। 2024 में आईपीओ के जरिए 19.90 अरब डॉलर जुटाए गए, जो पिछले दो दशकों में सबसे बड़ी राशि है। हालांकि, फंड जुटाने के मामले में अमेरिका 32.8 अरब डॉलर के साथ शीर्ष पर बना हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत हो रही संपत्तियों की बिक्री

### सेबी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशान

**गुवाहाटी/नई दिल्ली।** देश के दिग्गज उद्योगपति एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने मंगलवार को पूर्वोत्तर के राज्य असम में निवेश का बड़ा ऐलान किया। मुकेश अंबानी ने कहा कि उनकी कंपनी अगले 5 साल में असम में पांच अलग-अलग क्षेत्रों में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर समिट 2025 में कहा कि असम को प्रौद्योगिकी और एआई के लिए तैयार करने के लिए धन का निवेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''2018 के निवेश शिखर सम्मेलन में मैंने 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। अंबानी ने कहा कि तब से निवेश 12 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। यह राशि चौगुनी हो जाएगी और हम अगले पांच वर्ष में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।'' मारुति सुजुकी ने हरियाणा के खरखौदा संयंत्र में शुरू किया उत्पादन

नई दिल्ली। देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा



के खरखौदा प्लांट में उसने वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी के खरखौदा प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई होगी। यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का उत्पादन किया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हरियाणा के खरखौदा प्लांट में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। इस प्लांट की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से अगस्त 2022 में रखी थी। एमएसआईएल ने कहा कि शुरुआत में खरखौदा संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई होगी। कंपनी का हरियाणा में यह तीसरा संयंत्र है। मारुति सुजुकी ने बताया कि खरखौदा प्लांट में कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का उत्पादन किया जाएगा।

## सरकारी ई-मार्केटप्लेस की एसडब्ल्यूएवाईएटीटी पहल के 6 साल पूरे

**नई दिल्ली।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) ने 19 फरवरी को अपनी एसडब्ल्यूएवाईएटीटी (स्टार्टअप्स, महिलाओं और युवाओं के लिए ई-लेनदेन) पहल के 6 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस पहल के तहत 1,77,786 महिला उद्यम-सत्यापित सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) ने अब तक 46,615 करोड़ रुपये के ऑर्डर पूरे किए हैं। छह साल पूरे होने के मौके पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (फिक्की-एफएलओ) के साथ




एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस साझेदारी का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सरकारी खरीदारों तक सीधी पहुंच प्रदान करना है, जिससे उनके उत्पादों को बेहतर मूल्य मिले और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले।

## स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों की बढ़ती...

- आखिरी घंटे की बिकवाली से टूटा शेयर बाजार
- निफ्टी लगातार छठे दिन लाल निशान में बंद

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को दिनभर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखने को मिला। हालांकि, आखिरी आधे घंटे की बिकवाली के कारण निफ्टी लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स मामूली बढ़त बनाए रखने में सफल रहा। बाजार में भारी नुकसान, निवेशकों को 1.93 लाख करोड़ रुपये की चपत शेयर बाजार में आई कमजोरी के चलते निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.93 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप 396.04 लाख करोड़

सेबी ने एचबीएन डेयरीज की संपत्तियों को खरीदने पर जनता को किया आगाह

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जनता को एचबीएन डेयरीज एंड अलाइड लिमिटेड की संपत्तियों की खरीद-फरोख्त से बचने की चेतावनी दी है। नियामक ने कहा कि कुछ व्यक्ति या संस्थाएं झूठी अफवाहें फैलाकर सेबी अधिकारी होने का दावा कर रही हैं और एचबीएन की संपत्तियों पर अतिक्रमण कर नीलामी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही हैं।



### नीलामी प्रक्रिया में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई

सेबी ने स्पष्ट किया कि एचबीएन, उसके निदेशकों या किसी सहयोगी कंपनी की संपत्ति पर अवैध कब्जा या लेन-देन करने की अनुमति नहीं है। नियामक ने यह भी कहा कि ऐसी किसी भी अनधिकृत कार्रवाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कैसा रहा बाजार का प्रदर्शन?

सेंसेक्स 147.71 अंक की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 5.80 अंक की हल्की गिरावट के साथ 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप इंड।

## एकेडमिक प्रेशर की आशंका

रितु प्रण ने बताया इस घटना के पीछे एकेडमिक प्रेशर हो सकता है, क्योंकि हाल में सिलेबस और सेमेस्टर में काफी बदलाव हुए हैं. यह भी कारण हो सकता है लेकिन इसको लेकर भी संशय है. फिलहाल छात्रों ने पुलिस से इसकी जांच की मांग है. व्यवस्था में कमी से मौत इधर छात्रों का यह भी आरोप है कि कॉलेज कैंपस के अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है. जब छात्र राहुल को लेकर अस्पताल पहुंचे तो वहां कोई व्यवस्था नहीं थी. इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में ले जाया गया. छात्रों ने बताया कि व्यवस्था की कमी के कारण उसकी मौत हो गयी।

# घर में विदर्भ का पलड़ा केरल पर भारी

- 933 रन विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा यश राठौड़ ने 16 पारियों में बनाए
- 607 रन केरल के लिए सर्वाधिक सलमान नजीर ने 11 पारियों में बनाए
- 66 विकेट विदर्भ के गेंदबाज हर्ष दुबे ने 18 पारियों में चटकाए



**डीबीडी संवाददाता । नागपुर**

अपने प्रमुख खिलाड़ियों की शानदार फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों से पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। विदर्भ की नजर तीसरे खिताब पर है जबकि पहली बार फाइनल में पहुंची केरल की टीम भी ऐड़ी-चोटी का जोर लगाने को तैयार है।

### अजेय है विदर्भ

अक्षय वाडकर की अगुआई वाली विदर्भ की टीम ने सत्र में अब तक नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की और एक ड्रॉ खेला है। चौथी बार फाइनल में पहुंचा विदर्भ 2017-18 और 2018-19 में चैंपियन बना था। टीम ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। विदर्भ के कप्तान वाडकर ने शानदार नेतृत्व करते हुए 674 रन बनाए हैं। अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने भी 642 रन बनाए हैं। उनके अलावा दानिश मालेवार और ध्रुव शोरे ने भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। गेंदबाजी में 22 वर्षीय हर्ष दुबे (66 विकेट) एक सत्र में सर्वाधिक विकेट के रिकॉर्ड से दो विकेट दूर हैं। रिकॉर्ड बिहार के आशुतोष अमन के नाम पर है जिन्होंने 2018-19 के सत्र में 68 विकेट लिए थे। उधर सचिन बेबी की अगुआई वाली केरल की टीम किस्मत के दम पर पहली बार फाइनल में पहुंची है। उसने क्वार्टर फाइनल में जम्मू-कश्मीर को केवल एक रन से हराया जबकि सेमीफाइनल में गुजरात पर पहली पारी में दो रन की मामूली बढ़त के आधार पर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

# कोहली से बेहतर वनडे खिलाड़ी नहीं देखा : पोंटिंग

**एजेंसी । दुबई**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में विराट कोहली से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं देखा है। पोंटिंग ने साथ ही उम्मीद जताई कि यह बल्लेबाज वनडे में सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहेगा। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने 50 ओवर के प्रारूप में विराट कोहली से बेहतर खिलाड़ी देखा है। अब जबकि वह (सर्वाधिक रन बनाने के मामले में) मुझसे आगे निकल गए हैं और केवल दो बल्लेबाज ही उनसे आगे हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में याद किए जाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देंगे। कोहली ने पाक के खिलाफ अपने शतक के दौरान वनडे में 14,000 रन भी पूरे किए। वह सचिन और श्रीलंका के कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। कोहली (14,085 रन) अभी भी तेंदुलकर (18,426) से 4341 रन पीछे हैं। पोंटिंग को नहीं लगता कि 36 साल के कोहली के



लिए यह असंभव काम है। पोंटिंग ने कहा, शारीरिक रूप से वह पहले की तरह फिट हैं और अपने खेल के इस पहलू पर असाधारण रूप से कड़ी मेहनत करते हैं। जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो हैरानी होती है। विराट पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इसके बावजूद अब भी तेंदुलकर से 4000 रन पीछे हैं। इससे न सिर्फ यह पता चलता है कि सचिन कितने अच्छे बल्लेबाज थे बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि वह कितने लंबे समय तक इस खेल को खेलते रहे।

### अथर्टन और नासिर हुसैन ने भी तारीफ की

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल अथर्टन और नासिर हुसैन ने भी कोहली की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें वनडे का सर्वकालिक महान खिलाड़ी करार दिया। अथर्टन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, वनडे में लक्ष्य का पीछा करने के मामले में विराट कोहली का कोई सानी नहीं है। इस मामले में क्रिकेट इतिहास में उनसे बेहतर कोई नहीं है। वनडे में 51 शतक अविश्वसनीय आंकड़ा है। इंग्लैंड के सबसे सफल कप्तानों में से एक हुसैन ने कहा, वह बेजोड़ खिलाड़ी है। आप कह सकते हैं कि वनडे में वह सर्वकालिक महान खिलाड़ी है। आंकड़े इसके गवाह हैं। तेंदुलकर, कुमार और एबी डी विलियर्स सभी महान खिलाड़ी हैं लेकिन वह इन सबसे ऊपर है।

**इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान**

# सेमीफाइनल की उम्मीदों के लिए अहम मुकाबला

**एजेंसी । दुबई**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड के लिए बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच बेहद महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड का सफर अब तक चुनौतीपूर्ण रहा है, और इस मुकाबले में हार उनकी सेमीफाइनल की उम्मीदों को कमजोर कर सकती है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया पहले ही दो-दो अंक हासिल कर चुके हैं, जिससे इस मैच में जीतना इंग्लैंड और अफगानिस्तान दोनों के लिए जरूरी हो गया है।



### इंग्लैंड की कमजोरियां और रणनीति

इंग्लैंड, जो कभी वनडे क्रिकेट की सबसे मजबूत टीमों में गिनी जाती थी, अब अपनी पुरानी लय को हासिल करने में संघर्ष कर रही है। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 350 से अधिक रन बनाने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसका मुख्य कारण गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन था, जो ऑस्ट्रेलिया की कमजोर गेंदबाजी के बावजूद विरोधी टीम पर दबाव नहीं बना सके।

**चिंता के मुख्य बिंदु :**

- ओपनर फिल साल्ट और मिडिल ऑर्डर के हैरी ब्रूक की खराब फॉर्म
- गेंदबाजी में निरंतरता की कमी
- ब्रायडन कार्स का चोटिल होना, जिसके बाद लेग स्पिनर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया गया

### अफगानिस्तान की रणनीति और संभावनाएं

अफगानिस्तान को अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 107 रनों से हार का सामना करना पड़ा था, इसलिए उनके लिए भी यह मुकाबला वापसी करने का मौका होगा। टीम के पास राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद जैसे बेहतरीन स्पिनर हैं, जो इंग्लैंड के बल्लेबाजों को मुश्किल में डाल सकते हैं।

### संभावित मुकाबला : इंग्लैंड की बल्लेबाजी बनाम अफगानिस्तान की स्पिन ताकत

इंग्लैंड के बल्लेबाजों को राशिद खान और मोहम्मद नबी की स्पिन चुनौती का सामना करना होगा, जबकि अफगानिस्तान को इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी के खिलाफ संयम बनाए रखना होगा।

# यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस की नजर हैट्रिक पर

- आज दोनों टीमों के बीच होगा मुकाबला
- मुंबई की टीम दूसरे जबकि यूपी तीसरे स्थान पर

**डब्ल्यूपीएल**

**एजेंसी । बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सुपर ओवर में रोमांचक जीत दर्ज करने से उत्साहित यूपी वॉरियर्स की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में बुधवार को मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती का सामना करेगी। वॉरियर्स पहले दो मैच में हार गई थी लेकिन फिर उसने अगले दोनों मैच जीत खुद को अच्छी स्थिति में ला दिया। दूसरी ओर मुंबई ने भी अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं। ऐसे में दोनों टीमों की नजरें इस मैच में जीत की हैट्रिक पर होंगी।



### मुंबई टीम मजबूत

वॉरियर्स का सामना अब मुंबई इंडियंस की मजबूत टीम से होगा जिसकी तरफ से नेट शिवर-ब्रंट ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में हैं, जिन्होंने आरसीबी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में अर्धशतक बनाया था। हेले मैथ्यूज और अमेलिया केर जैसी विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी में मुंबई की बल्लेबाजी काफी मजबूत है, लेकिन दोनों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को भी बड़े स्कोर की जरूरत है।

### आसान नहीं यूपी की राह

दूसरी ओर यूपी की टीम के सामने अपनी लय बरकरार रखना आसान नहीं होगा। वॉरियर्स की आरसीबी के खिलाफ जीत में सोफी एक्लेस्टोन ने बल्ले और गेंद, दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उसकी अन्य बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की जरूरत है। वॉरियर्स को चिनेले हेनरी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत दिलाई। आरसीबी के खिलाफ जीत में उसकी सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे और श्वेता सहरावत ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वे अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई हैं। वृंदा दिनेश और कप्तान दीप्ति शर्मा को बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। वॉरियर्स की टीम में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर तहलिया मैक्ग्रा जैसी मैच विजेता खिलाड़ी भी हैं लेकिन वह अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं।

**मुंबई के मैदानों से**

# मांडवी मुस्लिम्स क्रिकेट क्लब को खिताब




**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मांडवी मुस्लिम्स क्रिकेट क्लब की टीम ने संघर्षपूर्ण फाइनल में कॉमरेड क्रिकेट अकादमी को दो रनों से पराजित करके पहला स्थान हासिल किया। मांडवी मुस्लिम्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवरों में सात विकेट गवांकर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। मांडवी मुस्लिम्स क्रिकेट क्लब की ओर से युवान जैन ने सर्वाधिक 44 रनों का योगदान दिया। हीत अकोला (37) की अगुवाई में कॉमरेड क्रिकेट अकादमी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अन्य बल्लेबाजों से विशेष सहयोग न मिलने के कारण पूरी टीम 33.2 ओवर में 139 रनों से आगे नहीं बढ़ सकी और उसे हार का कड़वा घूट पीना पड़ा। विजयी टीम को पूर्व भारतीय टीम के कप्तान दिलीप वेंगसकर के हाथों पुरस्कार वितरण किए गए।

# घुड़दौड़ः ऑयरिश गोल्ड के लिए अवसर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

डल्लास टोडीवाला द्वारा प्रशिक्षित ऑयरिश गोल्ड के लिए बुधवार शाम को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित विशेष दिन की मुख्य दौड़ राजपिपला ट्रॉफी में जीत के अच्छे अवसर हैं। प्रथम श्रेणी की दौड़ में मात्र चार प्रतिद्वंद्वी हिस्सा ले रहे हैं, लेकिन ऑयरिश गोल्ड में उन सबको पछाड़ने की क्षमता है। पहली दौड़ शाम पांच बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः
1- डैश (प्र.), रगिना मेमोरेबिलिस (द्वि.), 2- ऑयरिश गोल्ड (प्र.), इट्स मॉय टाईम (द्वि.), 3- माईटी स्पैरो (प्र.), रेड मिस्ट (द्वि.), 4- डेमेत्रियस (प्र.), मिला (द्वि.), 5- लॉर्ड एंड मास्टर (प्र.), गोल्डन ग्लो (द्वि.), 6- बेट्सी (प्र.), मोमेन्ट ऑफ मैडनेस (द्वि) । दिन का सर्वोत्तमः डैश।

# ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका मुकाबला धुला

**एजेंसी । रावलपिंडी**

लगातार बारिश के कारण मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का ग्रुप बी मैच रद्द कर दिया गया। खराब मौसम के कारण टॉस भी नहीं हो सका। हालात और खराब होते देख मैच अधिकारियों ने निर्धारित समय से तीन घंटे से कुछ अधिक समय बाद खेल रद्द कर दिया। दोनों टीमों ने ग्रुप बी में अपना पहला मैच जीता था। मैच रद्द होने के कारण दोनों को एक-एक अंक मिले। इसका मतलब है कि बुधवार को इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला लगभग नॉकआउट हो गया है।

**डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर**

# शीर्ष भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी चुनौती के लिए तैयार



**एजेंसी । वडोदरा**

डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भारत के 165 खिलाड़ी सहित आठ अन्य देशों के प्रतिभागी अपनी चुनौती पेश करेंगे। बुधवार से शुरू हो रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत की ओर से अंकुर भट्टाचार्य, सयाली वानी और दिव्यांशी भौमिक प्रमुख दावेदार होंगे।

### प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां

पहले दिन अंडर-17 और अंडर-13 वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय खिलाड़ियों को दक्षिण कोरिया के चोइ जिवूक (दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी), इंग्लैंड के रोहन दानी और श्रीलंका की तावी समरवीरा से कड़ी चुनौती मिलेगी। भारत के विदेशी विशेषज्ञ मैसिमो कॉन्स्टेंटिनी ने कहा कि भारत इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में सब कुछ जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। उन्होंने कहा, 'हमारा इरादा इस टूर्नामेंट में अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं का प्रदर्शन करना है।' यह टूर्नामेंट भारत में पहली बार आयोजित हो रहा है, जिससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

# सूफी सिंगर सुल्ताना नूरां (नूरां सिस्टर्स) का नया गीत 'जोगनिया' हुआ रिलीज़

## खुशबू कांकन और रॉनी सिंह का दमदार अभिनय

मशहूर सूफी गायिका सुल्ताना नूरां (नूरां सिस्टर्स) की आवाज़ में फिल्मी स्टाइल का एक बेहद खूबसूरत म्युज़िक वीडियो 'जोगनिया' जीमेट म्युज़िक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ होकर लोकप्रिय हो रहा है। इस गीत के द्वारा खुशबू कांकन और रॉनी सिंह ने पॉवर पैकड डेब्यू किया है। मुम्बई में हुए एक शानदार इवेंट में इस सॉन्ग को लॉन्च किया गया जहां म्युज़िक वीडियो से जुड़ी टीम के अलावा कई सेलेब्रिटीज़ गेस्ट्स भी उपस्थित रहे जिनमे ऐक्टर राजेश खट्टर, गायक शाहिद माल्या, गीतकार कुमार और सिंगर देव नेगी इत्यादि का नाम उल्लेखनीय है। म्युज़िक, डांस और मस्ती भरी यह एक शानदार शाम रही।

बॉलीवुड में सैकड़ों सुपरहिट गीत गा चुकी सुल्ताना नूरां ने जोगनिया सॉन्ग लांच पर कहा कि यह गीत गाकर मुझे बहुत अच्छा लगा। दोनों कलाकारो ने बढ़िया काम किया है। उम्मीद है कि यह गाना ब्लॉकबस्टर सिद्ध होगा। अपने चाहने वालों से कहूंगी कि आप लोग इसी तरह हमे प्यार देते रहें। आपके लिए अच्छे अच्छे गाने हम लेकर आएंगे। रॉनी सिंह ने कहा कि इस गीत को किसी फ़िल्म के सॉन्ग की तरह डिज़ाइन और शूट किया गया है। सुल्ताना जी ने इसे बड़े रूहानी अंदाज में गाया है।

खुशबू ने भी काफी असरदार ढंग से परफ़ॉर्म किया है। इस गीत के किरदार में एंग्री यंग मैन वाले लुक की जरूरत थी इसलिए वीडियो में आपको मेरा वैसा तेवर दिख रहा है।



नवोदित अभिनेत्री खुशबू ने कहा कि उन्होंने डांस की काफी प्रैक्टिस की। पूरी टीम बहुत सपोर्टिव थी इस वजह से इतना खूबसूरत गाना फिल्माया गया। इसके लिरिक्स इतने आकर्षक हैं कि एक बार गाना सुनकर मैं इसे न नहीं कह सकी, फिर इस गीत के साथ सुल्ताना नूरां का नाम जुड़ा हुआ है। मेरा पहला गाना उन्होंने गाया है तो मेरे लिए यह बड़े गर्व और खुशी की बात है, उनका आशीर्वाद है। मेरी माँ को यह गाना पसन्द आया और वह खुश हैं कि उनकी बेटी ने नूरां सिस्टर्स के गाए गीत पर ऐक्ट किया है। शूटिंग का अनुभव यादगार रहा, हमने सेट पर एन्जॉय किया। कैमरे के सामने काम करना मुझे बहुत पसन्द है तो अगर लगातार 24 घण्टे भी शूटिंग करनी हो तो मैं थकूंगी नहीं। सुल्ताना नूरां इस म्युज़िक वीडियो में नज़र भी आ रही हैं जो उनके फैन्स के लिए एक सरप्राइज पैकेज है। गाने के संगीतकार रूपेश वर्मा, गीतकार मोहम्मद अतीक, निर्देशक करण गाबा हैं।



# हॉरर कॉमेडी में संजय दत्त

सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डाइमेंशन मोशन पिक्चर्स ने अपनी आगामी एक्शन-हॉरर-कॉमेडी फिल्म का एक डरावना टीजर पोस्टर 25 फरवरी को जारी किया। यह फिल्म दर्शकों को एक नए और रोमांचक अनुभव देने की कोशिश करेगी। फिल्म में एक्शन, हॉरर और कॉमेडी का मिश्रण दर्शकों के लिए पेश किया जाएगा।

### पोस्टर पर लोग दे रहे प्रतिक्रियाएं

यह पोस्टर अभी से एक खौफनाक माहौल तैयार करता नजर आ रहा है। जारी किए गए पोस्टर के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म की कहानी के प्रति दर्शकों में उत्सुकता बढ़ती नजर आ रही है। इस फिल्म के पोस्टर पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'फिल्म का इंतजार रहेगा।'। एक अन्य ने लिखा, 'यह संभव है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हो...।' इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी नजर आएंगे। फिल्म का नाम और रिलीज डेट की घोषणा कल (26 फरवरी 2025) महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर की जाएगी। इस दिन फिल्म के निर्माता और टीम ने इसे विशेष रूप से चुना है, ताकि फिल्म की शुरुआत दर्शकों के बीच एक खास प्रभाव छोड़ सके।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन, मुंबई-400 022**

संख्या. एल.टी.एच./15343/टी दिनांक 25/2/2025

**ई-निविदा सूचना**

यह एक ई-निविदा सूचना है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका(एमसीजीएम) के आयुक्त तीन पैकेट सिस्टम में नीचे दिए अनुसार ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं। ई-टेंडर की प्रति महाटेंडर्स पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) से "ई-प्रोक्योरमेंट" अनुभाग के अंतर्गत डाउनलोड की जा सकती है।

कार्य का नामः कार्डियोप्यूमोनरी रिससिटेशन एडल्ट टोट्सो विद ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर (एईडी) और शॉक ट्रेनर पुतला मॉडल मेडिसिन डिपार्टमेंट एल.टी.एम.जी. अस्पताल के लिए तीन साल की वारंटी पूरी होने के बाद।

| क्रम संख्या | विवरण | ई-टेंडर मूल्य (रु.) | ईएमडी (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LTMG/CSR/11/2024-25 एसआईटीसी ऑफ कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एडल्ट टॉरसो विद ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर (एईडी) और शॉक ट्रेनर मैननेक्विन मॉडल मात्रा 02 नग + मल्टी-फंक्शनल एडल्ट इंट्रावेनस और इंट्रामस्क्युलर ट्रेनिंग आर्म - मैननेक्विन मॉडल मात्रा 02 नग मेडिसिन विभाग के लिए तीन साल की वारंटी पूरी होने पर **ई-टेंडर आईडी-2025_ MCGM_1149494** | रु. 3300/- प्लस जीएसटी @18% | रु. 20,775/- | 26/02/2025 04.00 बजे (16:00 बजे) | 04/03/2025 04.00 बजे (16:00 बजे) |

इच्छुक टेंडरकर्ता टेंडर के बारे में अधिक जानकारी के लिए https://mahatenders.gov.in पर mahatenders पोर्टल वेबसाइट पर जा सकते हैं।

निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

हस्ता./
डीन
एलटी.एम.जी. अस्पताल, सायन

पीआरओ/2631/विज्ञा./2024-2

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गुजरात: मंदिर से शिवलिंग चोरी

गुजरात के द्वारका जिले में महाशिवरात्रि से एक दिन पहले एक मंदिर से पत्थर का शिवलिंग चोरी हो गया। पुलिस ने शिवलिंग बरामद करने और आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि अरब सागर के तट पर बने भीडभंजन भवनीश्वर महादेव मंदिर के पुजारी जब सुबह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि किसी ने शिवलिंग को उसके स्थान से उखाड़ दिया और चोरी कर लिया। बाकी सारी चीजें मंदिर में जहां की तहां हैं। शिवलिंग का आधार समुद्र तट के पास पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है शिवलिंग को समुद्र में फेंका गया होगा। गोताखोरों की टीम ने समुद्र के अंदर शिवलिंग की खोज की। पुलिस की शिवलिंग की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें बनाई हैं।

### केरल: स्थानीय निकाय उपचुनाव में LDF की जीत

केरल में स्थानीय निकाय उपचुनाव में सीपीआई एम के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ एलडीएफ ने 30 में से 15 वार्डों में जीत हासिल की है। जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ को 12 वार्डों में जीत मिली। वहीं शेष तीन वार्डों में निर्दलीय जीते। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए को कहीं भी जीत नसीब न हुई। यूडीएफ का दावा है कि उसकी सीटें 10 से बढ़कर 12 हो गईं हैं। जबकि एलडीएफ को तीन सीटों का नुकसान हुआ।

### तमिलनाडु : सीएम स्टालिन ने डाटा सेंटर का उद्घाटन

तमिलनाडुक सीएम एमके स्टालिन ने मंगलवार को चेन्नई में सीटीआरएलएस डाटासेंटर्स लिमिटेड द्वारा चार हजार करोड़ रुपये की लागत से स्थापित डाटा सेंटर पार्क का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री पलानीवेल थियागा राजन और डाटा सेंटर के संस्थापक-सीईओ श्रीधर पिन्नापुरेड्डी मौजूद रहे। स्टालिन ने कहा कि मुझे सीटीआरएलएस के चेन्नई डाटा सेंटर पार्क का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। यह एक अत्याधुनिक सुविधा है जो तमिलनाडु की वैश्विक तकनीकी केंद्र के रूप में स्थिति को मजबूत करती है। हमारे रणनीतिक लाभ और प्रगतिशील नीतियां सीटीआरएलएस जैसे उद्योग के नेताओं को आकर्षित करती हैं।

### प. बंगाल : खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप

आज सुबह 06:10 पर बंगाल की खाड़ी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 दर्ज की गई है। भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी और 91 किलोमीटर गहराई में था। कोलकाता के पास भूकंप की पुष्टि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने की है। अभी तक भूकंप से हुए नुकसान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कोलकाता में आए भूकंप का केंद्र शहर से काफी दूर था। इस साल 8 जनवरी को भी कोलकाता में भूकंप के हल्के झटके महसूस हुए थे क्योंकि तिब्बत के सुदूर क्षेत्र और नेपाल के कुछ हिस्सों में शक्तिशाली भूकंप आया था।

### आंध्र प्रदेश : नौसेना जासूसी मामले में पति-पत्नी को सजा

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े नौसेना जासूसी मामले में एनआईए की विशेष अदालत, विशाखापत्तनम ने अब्दुल रहमान और उसकी पत्नी शाइस्ता कैसर को दोषी करार देते हुए पांच साल छह महीने की साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। यह मामला करवाड़ नौसैनिक अड्डे और कोच्चि नौसैनिक अड्डे के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा करने से संबंधित है।

# दिल्ली सीएम ने विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश की



- आप की शराब नीति से 2000 करोड़ का घाटा
- हंगामा कर रहे 21 आप विधायक सस्पेंड

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में शराब नीति पर CAG रिपोर्ट पेश की गई। दिल्ली CM रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट सदन में रखी। LG वीके सक्सेना ने कहा कि पिछली सरकार ने इस रिपोर्ट को रोककर रखा था। इसे सदन में नहीं रखा। उन्होंने संविधान का खुलेआम उल्लंघन किया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। पॉलिसी कमजोर थी और लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। एक्सपर्ट पैनल ने पॉलिसी में कुछ बदलाव के सुझाव दिए थे, जिन्हें तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया। इससे पहले सदन में विपक्षी पार्टी AAP ने CM हाउस में भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरों के मुद्दे पर हंगामा किया। LG वीके सक्सेना जब भाषण दे रहे थे, तब आप विधायकों ने मोदी-मोदी की नारेबाजी की। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत 21 AAP विधायकों को 3 मार्च तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया।







### पीएसी के पास जाएगी सीएजी की रिपोर्ट

दिल्ली विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस रिपोर्ट पर अभी विधानसभा में और भी चर्चा होनी है। इसके बाद इसे आगे की कार्रवाई के लिए पीएएसी के पास भेजा जाएगा। जानकारों का कहना है कि सीएजी रिपोर्ट पीएसी के पास जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आबकारी मंत्री रहे मनीष सिसोदिया के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें एक बार फिर इस मामले में सवाल-जवाब का सामना करना पड़ सकता है। पीएसी की ओर से उन्हें तलब किया जा सकता है। पीएसी के पास इस मामले से जुड़े लोगों को तलब करने का अधिकार है। पीएसी की ओर से अरविंद केजरीवाल के अलावा तब के जीओएम (ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स) को भी बुलाया जा सकता है। पीएससी की ओर से संबंधित पक्षों से पूछताछ के बाद एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और इसे स्पीकर को भेजा जाएगा। कमिटी इसमें सिफारिश करेगी कि आगे क्या कार्यवाही की जाए।

## पूर्व सैन्य अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट खारिज

### सुप्रीम कोर्ट ने कानून के दुरुपयोग पर जताई आपत्ति

**एजेंसी | नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व सैन्य अधिकारी कैप्टन राकेश वालिया के खिलाफ दुष्कर्म मामले में दाखिल चार्जशीट को खारिज कर दिया। अदालत ने इसे कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करार देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को गलत ठहराया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट को आरोपपत्र खारिज कर देना चाहिए था, क्योंकि शिकायतकर्ता की गवाही से कोई अपराध साबित नहीं होता।

## सुपरटेक प्रोजेक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक के 16 प्रोजेक्ट्स को एनबीसीसी को सौंपने के एनसीएलएटी के आदेश पर रोक लगा दी है। अब कोर्ट ने नए सिरे से सुपरटेक और अन्य कंपनियों से इन प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं।

### एनसीएलएटी को झटका



### सुपरटेक का दावा – 24 महीने में 20,000 घर तैयार

सुपरटेक ने कोर्ट में दावा किया है कि वह 12 से 24 महीने में 20,000 घर बनाकर सौंप सकती है और इसका प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। 12 दिसंबर 2024 को एनसीएलएटी ने 9,500 करोड़ रुपये की लागत वाली 16 आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी एनबीसीसी को दी थी और मई 2025 से निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया था।

### 49,748 मकानों का निर्माण अधर में

इन प्रोजेक्ट्स के तहत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और कर्नाटक में कुल 49,748 मकान बनने थे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से अब इनका निर्माण कार्य और प्रभावित हो सकता है।

## 'कोरोना वैक्सीन से मौत पर मुआवजा नीति बनेगी या नहीं?'

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा सवाल

**एजेंसी | नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 वैक्सीन के साइड इफेक्ट से मौत के मामले में केंद्र सरकार से मुआवजे की नीति पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि कोविड से हुई मौत और वैक्सीन से हुई मौत को अलग नहीं देखा जा सकता।

### केंद्र सरकार ने क्या कहा?

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट में दलील दी कि केवल कोविड-19 को आपदा घोषित किया गया है, न कि वैक्सीन से जुड़ी मौतों को। इसलिए आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत ऐसा कोई मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।

### नीतीश कटारा हत्याकांड

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी | नई दिल्ली**




सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के बहुचर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड में 20 साल की सजा काट चुके सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई में देरी को लेकर दिल्ली सरकार से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दिल्ली सरकार के गृह विभाग के सचिव को 28 फरवरी तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या सरकार 20 साल की सजा पूरी करने के बाद भी रिहाई नहीं करेगी? इस पर दिल्ली सरकार के वकील ने तर्क दिया कि यादव को आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने याद दिलाया कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 2015 में फैसला सुनाते हुए कहा था कि उनकी सजा 20 साल की वास्तविक कैद के बराबर होगी। यादव जल्द ही अपनी सजा पूरी कर रहे हैं, लेकिन उनकी रिहाई पर अभी भी संशय बना हुआ है। यादव ने दिल्ली हाईकोर्ट के नवंबर 2024 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उनकी तीन सप्ताह की छुट्टी पर रिहाई की याचिका खारिज कर दी गई थी। अब इस मामले में 3 मार्च को सुनवाई होगी। नीतीश कटारा के अपहरण और हत्या मामले में मुख्य दोषी विकास यादव और उनके चचेरे भाई विशाल यादव को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में बिना किसी छूट के 25 साल की सजा सुनाई थी, जबकि सह-दोषी सुखदेव यादव को 20 साल की सजा दी गई थी।

# बुलढाणा में बाल झड़ने की वजह आई सामने

## एक्सपर्ट बोले- सेलेनियम वाले गेहूं के इस्तेमाल से फैली बीमारी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के बुलढाणा में दिसंबर महीने में एक अजीब बिमारी फैली। अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। मामले में मंगलवार को मेडिकल रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक यहां के लोगों ने खाने में जिस गेहूं का इस्तेमाल किया, उसकी वजह से उनके बाल झड़ने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस गेहूं में हाई सिलेनियम पाया गया है। सेलेनियम एक खनिज है जो मिट्टी, पानी और कुछ भोजन में पाया जाता है। मानव के शरीर के लिए सेलेनियम बहुत कम मात्रा में जरूरत होती है, जो भोजन के पाचन में जरूरी भूमिका निभाता है। गेहूं पंजाब और हरियाणा से आया है, जो महाराष्ट्र के राशन दुकानों में बांटा जाता है।



### दो महीने में 18 गांव के 279 लोगों के बाल झड़ने लगे

दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच बुलढाणा के 18 गांवों में 279 लोगों में अचानक बाल झड़ने या एक्यूट ऑनसेट एलोपेसिया टोटलिस के मामले सामने आए। एलोपेसिया से प्रभावित लोगों में हर उम्र के लोग शामिल थे। बीमारी की वजह से लोगों की शादियां टूटने लगीं। कई लोगों ने अपने सिर के बाल तक मुंडवा लिए।

### बीमारी से सबसे ज्यादा युवा महिलाएं प्रभावित

रायगढ़ स्थित बावस्कर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हिम्मतराव बावस्कर ने बताया कि हमने प्रभावित इलाकों से सैंपल कलेक्ट किए थे। इस बिमारी से सिरदर्द, बुखार, सिर में खुजली, झुनझुनी और कुछ मामलों में उल्टी और दस्त जैसे लक्षण थे।

### बीमारी के बाद 150 गुणा सेलेनियम की बढ़ोतरी

विशेषज्ञ ने बताया कि यह स्थिति तेजी से विकसित होती है और इन गांवों में लक्षण शुरू होने के तीन से चार दिन के अंदर ही लोगों को गंजापन होने लगता है। इसके अलावा इस बीमारी से प्रभावित लोगों के ब्लड, पेशाब में सेलेनियम के स्तर में काफी बढ़ोतरी होती है। बावस्कर ने कहा- लोगों में यह बीमारी होने के बाद ब्लड में 35 गुणा, पेशाब में 60 गुणा और बाल में 150 गुणा सेलेनियम की बढ़ोतरी देखी गई है।

## 10वीं की परीक्षा साल में दो बार कराएगा सीबीएसई

**एजेंसी | नई दिल्ली**




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने 2025-26 सत्र से साल में 2 बार 10वीं के बोर्ड एग्जाम कराने वाले ड्राफ्ट रेगुलेशन को मंजूरी दी है। ड्राफ्ट पर सभी स्टेकहोल्डर्स 9 मार्च तक अपना फीडबैक दे सकते हैं। इसके बाद इस पॉलिसी को फाइनल किया जाएगा। ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक, एग्जाम का पहला फेज 17 फरवरी से 6 मार्च तक चलेगा, जबकि दूसका फेज 5 मई से 20 मई तक चलेगा। परीक्षा शुल्क दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन करते समय एक साथ लिया जाएगा। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ने पिछले सप्ताह 19 फरवरी को CBSE बोर्ड सचिव और दूसरे शिक्षाविदों के साथ साल में 2 बार बोर्ड एग्जाम कराने को लेकर चर्चा की थी। शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने CBSE, NCERT, KVS, NVS और कई स्कूल पदाधिकारियों के साथ साल में 2 बार परीक्षाएं कराने पर चर्चा की जिसके बाद ये फैसला लिया गया। अगस्त 2024 में इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया था। इस दौरान शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था- जिस तरह स्टूडेंट्स के पास साल में दो साल इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम देने का ऑप्शन होता है।

## 'ग्लेशियरों के संरक्षण में भारत को आगे आना चाहिए'

- जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखा

**एजेंसी | नई दिल्ली**



अमेरिका की यात्रा से लौटे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुला पत्र लिख ग्लेशियरों के संरक्षण में भारत से आगे आने की अपील की है। हिमालय में स्थिति की गंभीरता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए वांगचुक ने राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन किया। इसमें उन्होंने कहा कि इन ग्लेशियरों को बहाल करने के लिए जल्द कदम उठाया जाना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो 144 वर्षों के बाद अगला महाकुंभ संभवतः रेत पर आयोजित करना होगा क्योंकि नदियां सूख सकती हैं। मालूम हो कि हमारी बारहमासी नदियों का स्रोत यही ग्लेशियर हैं।

### ग्लेशियर से बर्फ का एक टुकड़ा लेकर की लद्दाख से अमेरिका की यात्रा

हिमालय के ग्लेशियरों के संरक्षण पर काम कर रहे वांगचुक खारदुंगला के एक ग्लेशियर से बर्फ का एक टुकड़ा लेकर लद्दाख से दिल्ली और फिर अमेरिका गए। बर्फ को इन्सुलेशन के लिए लद्दाख की प्रतिष्ठित पश्मीना ऊन में लपेटे गए एक कंटेनर में रखा गया था। बर्फ को दिल्ली स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ले जाया गया। इसके बाद वह अमेरिका के लिए रवाना हुए, जहां से यह बर्फ जलवायु कार्यकर्ता के साथ हार्वर्ड केनेडी स्कूल, एमआईटी, बोस्टन और न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय तक ले जाई गई।

